दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 17 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 454

आवश्यकता

सुपौल,सीतामढ़ी मधुबनी,बेगूसराय,मुंगेर,जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483,6200031466

संक्षिप्त खबरें ।

कौन है इंडिया गठबंधन का नया उम्मीदवार, जो खजुराहो लोकसभा सीट पर बीजेपी को देगा चुनौती

लोक तंत्र की आवाज

भोपाल/छतरपु। मध्य प्रदेश के खजुराहो में करीब-करीब रोज राजनीतिक घटनाक्रम बदल रहा है. अपनी इकलौती उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने के बाद इंडिया गठबंधन ने नए उम्मीदवार को समर्थन दे दिया है. कांग्रेस ने खजुराहो सीट लोकसभा सीट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पार्टी ऑल इंडिया फॉर्वर्ड ब्लॉक को समर्थन देने का ऐलान किया है. कांग्रेस का कहना है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की राजनीतिक पार्टी की विचारधारा कांग्रेस से मेल खाती है. इसलिए उनके नेता को संयुक्त प्रत्याशी बनाया गया है. इस सीट पर जीत हमारी ही होगी। कांग्रेस के प्रवक्ता मुकेश नायक ने कहा कि खजुराहो सीट पर समाजवादी की प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा निरस्त हो गया था. इसलिए हमने तय किया है कि फॉर्वर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार रिटायर्ड आईएएस राजा भैया प्रजापति प्रजापति को समर्थन देंगे. फॉर्वर्ड ब्लॉक पार्टी 1939 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने बनाई थी. ये कांग्रेस की विचारधारा से मेल खाती हुई पार्टी है. पूरा देश जानता है कि आजादी की लड़ाई में सुभाषचंद्र बोस और कांग्रेस पार्टी की क्या भूमिका थी. उन्होंने नारा दिया था, 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा।

आईएएस के रूप में कई जगह दी सेवाएं: ये हैं बता दें, राजा भैया प्रजापति पूर्व आईएएस हैं. उन्होंने छतरपुर के महाराजा कॉलेज से एमए अंग्रेजी किया है. उसके बाद वे साल 1982 में महाराजा कॉलेज में ही अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर बने. साल 1985 में वे राज्य प्रशासनिक अधिकारी बने. वे जतारा, अजयगढ़, पन्ना, चुरहट, गोपदवनास, बड़वाह और सेंधवा के एसडीएम रहे. भिंड, बड़वानी, विदिशा, शिवपुरी और सिवनी के अपर कलेक्टर रहे. दतिया, श्योपुर, बुरहानपुर में सीईओ जिला पंचायत रहे। उनका साल 2002 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोशन हुआ. इसके बाद वे उच्च शिक्षा विभाग में अपर संचालक रहे. श्रम विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उपसचिव और वन विभाग में अपर सचिव रहे. वे अशोकनगर के कलेक्टर, चंबल संभाग के अपर आयुक्त, व भारत निर्वाचन आयोग ने उन्हें बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात, असम, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा का प्रेक्षक भी बनाया था।

ईरान या इजरायल... किसने की पहली गलती और कैसे दुनिया पर है विश्व युद्ध का खतरा

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली,(रायटर)। दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध के खतरे की चिंगारी दो हफ्ते पहले सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुई एक एयरस्ट्राइक की वजह से भड़की थी, क्योंकि वहां ईरान के दूतावास पर किए गए हमले में उसकी सेना के दो जनरलों समेत कई बढ़े अधिकारियों की जान चली गई थी. इसी के बाद ईरान बदले की आग में जल उठा था और उसकी ओर से इजरायल को लगातार धमकियां दी गईं. ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने अपने दूतावास पर हुए हमले के लिए इजरायल को जि ?म्मेदार बताया और दो टूक कह दिया कि बदला लेने के लिए अगर उसे इजरायल से युद्ध भी लड़ना पड़े तो वो पीछे नहीं हटेगा।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को जबरदस्त हवाई हमला किया गया था. ईरान ने आरोप लगाया कि इजरायल के लडाकू विमानों ने गोलान हाइट्स इलाके से वहां 6 मिसाइलें दाग दी थीं. इस भीषण बमबारी में ईरान के दूतावास की इमारत मलबे का ढेर बन बन गई थी और उस इमारत में एक खुफि ?या बैठककर रहे ईरान की सेना के दो जनरलों समेत 7 अधिकारियों की मौत हो गई थी।

क्या है स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज ?

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज में हुई थी ईरान के बदले की शुरुआतः हालांकि इजरायल से ईरान के बदले की शुरुआत दो रोज पहले फारस की खाड़ी से लगने वाले समुद्री गलियारे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज से हुई, क्योंकि दोनों देशों में बने जंग जैसे हालात के बीच ईरान ने वहां से गुजर रहे इजरायल के माल ढोने वाले एक जहाज को अगवा कर लिया था. उस जहाज पर कब्जा किए जाने का एक विडियो भी सामने आया था।

इस विडियो में दिखा कि ईरान के सैनिकों ने इजरायल के उस जहाज पर बिल्कुल फिल्मी अंदाज में धावा बोला और वो एक हेलिकॉप्टर की मदद से समंदर में मौजूद उस जहाज पर उतर गए और उसे अगवा कर अपने साथ ले गए थे. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, उस जहाज पर मौजूद चालक दल के 25 सदस्यों में 17 भारतीय शामिल थे, जिन्हें छुड़ाने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरान पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।

रॉयटर्स के मुताबिक, इजरायल का माल ढोने वाला वो जहाज यूएई से भारत आ रहा था, लेकिन रास्ते में उसे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज में हाईजैक कर लिया गया था. स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज ईरान के पास मौजूद एक समुद्री गलियारा है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार का एक अहम रूट है. फारस की खाड़ी को खुले समंदर से जोड़ने वाला इकलौता रास्ता भी यही है और इस इलाके पर लंबे वक ?त से ईरान का दबदबा रहा है।

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज से गुजरने वाले सुपरपावर अमेरिका के जहाजों को भी कई बार निशाना बना चुका है, लेकिन इजरायल के जहाज पर कब्जा जमाकर ईरान ने उसे आने वाले खतरे का ट्रेलर पहले ही दिखा दिया था, क्योंकि इजरायल के जहाज के अगवा किए जाने के कुछ घंटे बाद ही ईरान ने उसकी धरती पर ड्रोन और मिसाइलों की बारिश कर दी थी।

पतंजलि केस में रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से आज भी नहीं मिली माफी, फिर इस दिन होना होगा पेश

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। एलोपैथी (अंग्रेजी दवाओं) के खिलाफ पतंजलि के कथित भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को भी राहत नहीं मिली. पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज भी बाबा रामदेव को माफ करने से इनकार कर दिया और उन्हें एक बार फिर 23 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया. रामदेव अपने सहयोगी बालकृष्ण के साथ सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे और तभी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी हमने माफ नहीं किया है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे योग गुरु रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी, मगर कोर्ट ने उन्हें माफ करने से इनकार कर दिया. बाबा रामदेव से जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि 'आपने जो किया है बाबा रामदेव जी, क्या हम आपको माफी दे दें? आपको पता है कि आपने क्या किया?' इस पर रामदेव ने कहा कि हमसे जो भूल हुई है, उसके लिए हमने माफीनामा दाखिल किया है। अभी भी हम माफी मांग रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जब मंगलवार को सुनवाई के दौरान रामदेव ने दोबारा कहा कि हम माफी मांग रहे हैं और भविष्य में सौ फीसदी इसका ख्याल रखेंगे और इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी. इस पर अदालत ने कहा, 'अभी हमने मन नहीं बनाया कि आपको माफ करें कि नहीं.. एक नहीं तीन बार आपने उल्लंघन किया है. आप इस तरह की बात मत करिए. आपके रविये से यह नहीं लगता. हम आदेश जारी करेंगे. हम 23 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेंगे ।

इससे पहले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण के उन हलफनामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने 'भ्रामक' विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी थी. सुप्रीम कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण नेपिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज 'बयान के उल्लंघन' के लिए बिना शर्त माफी मांगी।

मायावती ने तो रिज़ल्ट से पहले ही चुनाव पलट दिया !

लोक तंत्र की आवाज

यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट

लखनऊ। मायावती की माया अपंरपार है. यूपी की राजनीति में बीएसपी चीफ मायावती को लेकर ये कहावत बड़ी मशहूर है. उनका नया अवतार किसी की समझ में नहीं आ रहा है. जितनी हैरान समाजवादी पार्टी है. उतने ही परेशान बीजेपी के नेता भी हैं. कुछ दिनों पहले तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी चिंता में थी.अब वही हाल बीजेपी का भी है. आखिर बीएसपी का हाथी किसे कुचलने चला है, रहस्य गहराता जा रहा है. हफ्ते भर में बहन जी ने यूपी का राजनीतिक गुणा गणित बदल दिया है।

सोमवार को मायावती ने बीजेपी को ज़ोर का झटका बड़े आहिस्ते से दिया है. बीएसपी ने श्रीकला सिंह को जौनपुर से टिकट दे दिया है. वे जेल में बंद बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी हैं. श्रीकला अभी जौनपुर ज़िला पंचायत की अध्यक्ष भी हैं. बीजेपी ने इस बार यहां मुंबई से लाकर कृपा शंकर सिंह को टिकट दे दिया है. महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कृपा शंकर मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले हैं. समाजवादी पार्टी ने यहां से बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है. एक जमाने में वे मायावती के आंख कान होते थे. कृपा शंकर की तरह ही धनंजय भी ठाकुर बिरादरी से हैं. मतलब साफ़ है कि बीएसपी इस चुनाव में बीजेपी का वोट काटेगी. वैसे भी बीजेपी जौनपुर में पिछले चुनाव में हार गई थी. मायावती ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है।

मायावती के दांव से टेंशन में एसपी-बीजेपी

हफ्तेभर में ही मायावती ने अखिलेश यादव और कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया है. इन दोनों ही पार्टियों के नेता बीएसपी को बीजेपी की बी टीम बता रहे थे. इसके पीछे तर्क ये था कि मायावती इस बार मुस्लिम वोटों का बंटवारा कर रही हैं. शुरूआत में बीएसपी ने पश्चिमी यूपी में कई जगहों पर मुस्लिम उम्मीदवार दिए. सहारनपुर में इमरान मसूद कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं. यहां बीएसपी ने माजिद अली को टिकट दे दिया. यहां क़रीब 42 प्रतिशत वोटर मुसलमान हैं. मुस्लिम वोट लेने के लिए मायावती ने अब नया दांव चल दिया है. मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी ने वर्तमान सांसद एस टी हसन का टिकट काट कर रूचिवीरा को दे दिया. बीएसपी ने इरफ़ान सैनी को उम्मीदवार बनाया है. यहां 47 प्रतिशत मुस्लिम वोटर हैं. अब बीएसपी चीफ़ मायावती कह रही हैं कि मुसलमानों की असली नेता तो वही हैं. उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी ने उन सीटों पर भी हिंदू उम्मीदवार दे दिया जहां मुस्लिम वोटरों का दबदबा है।

मायावती के राजनीतिकः उत्तराधिकारी आकाश आनंद धुआंधार चुनाव प्रचार पर हैं. वे खुल कर बीजेपी को टार्गेट कर रहे हैं. पीएम मोदी पर वे देश के लोगों से झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं. जबकि अब तक ये आरोप लग रहा था कि जांच एजेंसियों के डर से बीएसपी कभी भी बीजेपी के खिलाफ नहीं जा सकती है. मायावती ने जब अकेले चुनाव लड़ने का फ़ैसला किया तब इस बात को खूब फैलाया गया था.

पूर्णिया की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी बोले जिसका किसी ने नहीं पूछ हम उसको 'पूज' रहे हैं

लोक तंत्र की आवाज

हमें हिंदुस्तान को बहुत आगे लेकर जाना है



पूर्णिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गया के बाद पूर्णिया में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया. सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उसको पुज रहे हैं. हमने विकास को अपना मिशन बनाया है. सीमांचल के भाग्य को बदलने के लिए पूर्णिया को आकांक्षी जिला बनाया है. लोगों की जबरदस्त भीड़ को देख गदगद मोदी ने कहा कि ऐसा उत्साह बहुत कम ही देखने को मिलता है. लेकिन आपकी उत्साह मेरी आवाज पहुंचने ही नहीं देगा तो फायदा क्या होगा. इसलिए आपलोग जा नारे लगा रहे हैं, थोड़ी देर के लिए मान जाइए. आप हमारी बात मानेंगे..आप लोग बहुत बढ़िया हैं..हमारी बात को स्वीकार करते हैं. यह मेरा सौभाग्य है

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि एनडीए सरकार मखाने को प्रमोट कर रही है. श्री अन्न की तो मोदी ने पूरी दुनिया में मार्केटिंग की है. जी-20 में आपने देखा होगा कि बड़े-बड़े देशों को राष्ट्राध्यक्षों को हमने मोटा अनाज खिलाया. मक्के के मूल्य को हमारी सरकार ने बढ़ाने का काम किया है. अब तो मक्के से इथेनॉल भी बनाया जा रहा है. देश का पहला ग्रीन फील्ड इथेनॉल प्लांट पूर्णिया में ही लगाया गया है. अब वो दिन दूर नहीं जब पूर्णिया में हवाई जहाज भी उतरेगी. हमारी सरकार सीमांचल में बंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के जरिए कनेक्टिविटी बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने का काम करेगी. आपके सपने को साकार करना ही मोदी का संकल्प है. मोदी इतने काम से संतुष्ट नहीं है. जो काम हुआ है वो ट्रेलर है. अभी हमें पूर्णिया,समीांचल और बिहार समेत पूरे हिंदुस्तान को बहुत आगे लेकर जाना है. लोग पूछते हैं कि समाज के आखिरी पायदना पर खड़ा व्यक्ति की प्राथमिकता क्यों है... इसलिए है क्यों कि यही समाज सबसे ज्यादा प्रभावित है. मोदी गरीबी से ही निकलकर आपके बीच आया है. मोदी के ऊपर अपने इस समाज का बाबा साहब का और संविधान का बहुत बड़ा कर्ज है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बड़े काम करने का दम सिर्फ भाजपा के पास है. पहले अड़ोस-पड़ोस के देश यहां हमला कर चले जाते थे. सीमा पर जवानों की शहादत होती थी. आप लोगों को दुख के साथ गुस्सा भी होता था. आप लोगों का मन होता था कि उन्हें घर में घुस कर मारें. मोदी ने आपकी इच्छा को पूरा किया. वो देश जो पहले मारता था आज वह कटोरा लेकर घूम रहा है. हमारी सरकार ने कश्मीर से धारा-370 खत्म किया. आज कश्मीर में भी बाबा साहब का संविधान पूर्ण रूप से लागू हो गया. यह सब आपकी इच्छा से ही संभव हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा सीमांचल बिहार का संवेदनशील इलाका है. वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोगों ने यहां अवैध घुसपैठ करा कर सुरक्षा पर दांव लगाने का काम किया है. देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले हर तत्व पर सरकार की नजर है. चार जून का परिणाम इसी सीमांचल की सुरक्षा तय करेगा. जो लोग राजनीतिक फायदे के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं, वो एक बात जान लें. ये मोदी है न डरने वाला है और न झुकने वाला है. पहले यहां जंगलराज ही नहीं महा जंगलराज चल रहा था. बड़ी मुश्किल से नीतीश जी के नेतृत्व में हमलोगों ने उस दौर को बदला है. इन लोगों का एक ही एजेंडा है भ्रष्टाचार और लूट. मेहनत जनता करे और मलाई राजद वाले खाए. मोदी के रहते ये मुमकिन नहीं है. भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए वो एक जुट हो रहे हैं. अगला पांच साल भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़ी कार्रवाई होंगे।

मेरा नाम अरविंद केजरीवाल और मैं आतंकी...' दिल्ली के सीएम ने तिहाड़ जेल से क्या भेजा संदेश? संजय सिंह ने बताया

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरवील ने तिहाड़ जेल से लोगों के लिए संदेश भेजा है. आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सीएम केजरीवाल का यह संदेश सुनाया. इसमें उन्हें कहते सुना जा रहा, 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है, मैं आतंकवादी नहीं हूं।

संजय सिंह ने इसके साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'आप अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं, आपको शर्म नहीं आती है. प्रधानमंत्री अपनी दुर्भावना में इस कदर बढ़ चुके हैं कि उनके (केजरीवाल के) परिवार और बच्चे से मुलाकात में बीच में शीशे की दीवार लगाकर कराई जा रही है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'पंजाब जैसे सूबे के मुख्यमंत्री (भगवंत मान) जिनको जेड प्लस की सुरक्षा मिली हुई है, दिल्ली के 3 बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री की उनसे मुलाकात बीच में शीशे की दीवार लगाकर कराई जाती थी. बीजेपी ने इस कार्रवाई से जाहिर कर दिया है कि उनकी केजरीवाल से नफरत की भावना है।

बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी और

आरोप लगाया कि उनके साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है. मान ने कहा कि वह केजरीवाल से आधे घंटे के लिए मिले, लेकिन उनके बीच एक कांच की दीवार थी, और दोनों नेताओं के बीच फोन कॉल के जरिये बातचीत हुई।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उन्हें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के वास्ते विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए कहा है। मान ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया।उनके साथ एक खूंखार अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, स्कूल, अस्पताल बनाए? आप उनके साथ ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, जैसे आपने किसी बड़े आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया हो।

उन्होंने कहा, 'जब (कांग्रेस नेता) पी. चिदंबरम जेल में थे, तो सोनिया गांधी उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करती थीं, लेकिन आज हमारे बीच एक कांच की दीवार थी. मोदीजी क्या चाहते हैं? यह उन्हें महंगा पड़ेगा. केजरीवाल के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जो कट्टर ईमानदार हैं।

चिराग पासवान के हाजीपुर में राजद ने लगाई सेंध तेजस्वी यादव के पाले में आए लोजपा (आर) के 2 नेता

लोक तंत्र की आवाज

हाजीपुर। लोकसभा चुनाव के पूर्व विभिन्न पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का दूसरी पार्टियों में आने-जाने का सिलसिला चल रहा है। इस दौरान फिर एक बार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से भी पार्टी के दो प्रमुख कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव और महुआ विधानसभा क्षेत्र के चेहरा कला निवासी बलिराम सहनी ने इस्तीफा दे दिया है। इनके साथ ही लोजपा (रा) के प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक और हाजीपुर निवासी अमर पासवान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

राजद विधायक से मिलकर पार्टी में शामिलः दोनों ने सोमवार को महुआ के राजद विधायक डॉ. मुकेश रौशन से मिलकर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने की घोषणा की।

पार्टी में दोनों का स्वागत करते हुए महुआ विधायक ने कहा कि दोनों प्रमुख कार्यकर्ताओं ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए हैं।

आखिर क्यों आज भी लालू विरोध ही है बिहार की राजनीति

लोक तंत्र की आवाज

पटना। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एनडीए लालू के भ्रष्टाचार, परिवारवाद या फिर जंगलराज की चर्चा करके ही अपने पक्ष में वोट मांग रहा. बिहार की जनसभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा के साथ-साथ इस किंगमेकर पर सीधा प्रहार करने से नहीं चूक रहे।जब की एनडीए में भी परिवार वादी लोग बैठे हैं।

महागठबंधन में कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी लालू के सामने नतमस्तक ही है, वहीं वामदल भी उनके रहमोकरम पर ही नजर आते हैं. उनके समर्थकों का मानना है कि वे ही एकमात्र ऐसे राजनेता हैं जो बीजेपी से मुकाबला कर सकते हैं. शायद इसलिए तमाम तरह के आरोपों के बावजूद उनके कोर वोटर आज भी उनके साथ बने हुए हैं।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के आलोचक कहते हैं कि लालू भले ही सबों की सुन लें, किंतु करते अपनी ही हैं. 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए महागठबंधन में तमाम उछल-कूद के बावजूद उन्होंने टिकटों का बंटवारा अपने आकलन के अनुसार ही किया. कूद-फांद करने वालों की तो दूर, मान-मनौव्वल तो उन्होंने नीतीश कुमार की भी नहीं की. इसलिए उन पर महागठबंधन की राह में रोड़े बिछाने का भी आरोप लगता रहा है।

पत्रकार शिवानी सिंह कहती हैं, कन्हैया कुमार और पप्पू यादव के मामले पर गौर करें तो साफ है कि लालू ऐसी किसी शख्सियत को उभरने नहीं देना चाहते जो आगे चलकर तेजस्वी के सामने बड़ी लकीर खींच दे. लाख चाहने के बावजूद बेगूसराय और पूर्णिया में कांग्रेस के हाथ कुछ नहीं लगा. पप्पू यादव ने तो अपनी जन अधिकार पार्टी (जाप) का कांग्रेस में विलय तक कर दिया. सभी जानते हैं, नीतीश को आखिर इंडिया गठबंधन से क्यों बाहर आना पड़ गया.₹ हालांकि, इस बार लालू ने प्रत्याशियों के चयन में एक हद तक बीजेपी की रणनीति पर ही काम किया. अब तक आरजेडी के घोषित 22 उम्मीदवारों में 11 चेहरे ऐसे हैं, जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं. इस सियासी दांव का फायदा उन्हें कितना मिलेगा, यह तो चार जून को ही पता चल सकेगा.

लालू का जंगलराज अब गुजरे जमाने की बातः पत्रकार अमित पांडेय कहते हैं, अब केवल लालू के जंगलराज की बात बताकर वोट मांगना बेमानी है. जिस पीढ़ी ने उसे झेला है, वे तो इसे समझ सकते हैं. किंतु तीन दशक बीत जाने के बाद आज का युवा रोजी-रोजगार, पढ़ाई और विकास की बात करता है. उसे बीते दिनों से कुछ नहीं लेना. एनडीए को यह बात समझनी होगी ।

संक्षिप्त खबरें ।

लोकसभा चुनाव व रामनवमी पर्व को लेकर परना डाबर पुलिस तथा बी एम पी 14 के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
लोकसभा चुनाव व रामनवमी का त्योहार के मदेनजर बी एम पी 14 जवानों के साथ परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के मढ़ि केलौंदा,लोहगढ़वा,खटान्गी, चौकिया,एकम्बा सहित विभिन्न स्थल पर फ्लैग मार्च किया । यह फ्लैग मार्च परना डाबर थाना क्षेत्र के इलाके में किया गया। जवानो ने फ्लैग मार्च करके लोगों के अंदर कानून का एहसास करा रहे हैं। 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण मतदान के लिए फ्लैग मार्च किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। क्षेत्र वासियों ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन हर तरह से तैयार है। किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें। गड़बड़ी करने वालों लोगों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें। मौके पर परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी,एस आई सहित दर्जनों जवान शामिल थे।

सिरदला: सुखनर बाजार में शराब, मीट बेच रही महिला को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
परना डाबर पुलिस ने थाना क्षेत्र के सूखनर बाजार में मंगलवार को मीट बेच रही महिला को 30 लीटर महुआ शराब के साथ महिला पुलिस के सहयोग से रंगे हाथ पकड़ लिया गया है। जिसे थाना परिसर लाया गया है। इस कार्रवाई से शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़ी गई महिला की पहचान भेलवाटाड़ गांव निवासी रामस्वरूप मांझी की पत्नी अमला बताया गया है। जिसके विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

मतदान केंद्रों पर बिजली आपूर्ति एवं पावर सॉकेट की व्यवस्था का निर्देश

धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने सभी मतदान केंद्रों वाले प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्र से वेबकास्टिंग के लिए बिजली आपूर्ति एवं पावर सॉकेट की व्यवस्था कराने को कहा है। विद्यालयों के प्रधानों को व्हील चेयर एवं रैंप पर स्टील रॉड लगाने को भी कहा गया है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने सभी प्रधानाध्यापको को इसकी जानकारी दे दी है ।

पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां । पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के धर्मशाला परिसर में बनी मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। मां का पट खुलते ही दर्शन एवं पूजा– अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहित आचार्य ब्रहानन्द मिश्रा, रौशन मिश्रा एवं राजीव मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मुख्य पुजारी के रूप में अधिवक्ता केके सिन्हा एवं उनकी पत्नी सिम्मी सिन्हा शामिल हुए। पूजा समिति के विभूति कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार, पंकज सिंह, छोटू वर्णवाल आदि ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से मां दुर्गा के नौ रूपों सहित अन्य देवी– देवताओं की प्रतिमा बनाकर पूजा– अर्चना की जाती है। गौरतलब है कि कलश स्थापना के दिन से ही रामजानकी ठाकुरबाड़ी एवं धर्मशाला परिसर में धार्मिक आयोजन शुरू हो जाता है। मुख्य पुरोहित ब्रहानन्द मिश्रा के मंत्रोच्चार से आस पास का माहौल भक्तिमय बना रहता है। प्रतिदिन दुर्गा पाठ, आरती सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम होता है। लोगों का कहना है कि यहां बनने वाली मां की प्रतिमा काफी यशवाली है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सच्चे हृदय से आराधना करने वालों की मन्नतें माता रानी पूरी करती है।

विनोद यादव के समर्थन में विधायक एवं एमएलसी ने किया प्रेस सम्मेलन बीजेपी एवं राजद के उम्मीदवारों पर ताबड़तोड़ हमला

हर चुनाव में एक नया चेहरा लाते हैं और पांच साल तक नवादा के लोगों को ठगते रहते हैं विगत 15 वषी से यही सिलसिला चल रहा है

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट :– शम्भु विश्वकर्मा
लोकतंत्र के इस महापर्व में अब 70 घण्टे से भी कम समय बचा है । ऐसे में नवादा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के स्वतंत्र प्रत्याशी विनोद यादव ने अपने चुनाव कार्यालय में एक प्रेस सम्मेलन को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि नवादा लोकसभा क्षेत्र को बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी ने सबसे आसान चारागाह बना दिया है । हर चुनाव में एक नया चेहरा लाते हैं और पांच साल तक नवादा के लोगों को ठगते रहते हैं ।विगत 15 वषी से यही सिलसिला चल रहा है इसलिए यहां विकास का कोई भी ऐसा कार्य नहीं हो सका है जिसका श्रेय सांसद को दिया जा सके । दूसरी ओर जो कुछ यहां पहले सा था धीरे–धीरे नष्ट कर दिया गया । वारिसलीगंज चीनी मिल इसका उदाहरण है । उन्होंने स्पष्ट किया कि वोटों का विखराव हो जाने के कारण बीजेपी के बाहरी उम्मीदवार चुनाव जीत जाते हैं किन्तु इस बार ऐसा नहीं होगा ।

2024 का लोक सभा चुनाव तय करेगा कि नवादा वासी बाहरी उम्मीदवार को पनाह देकर विकास के सभी रास्ते रोक देंगे अथवा उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर चहुमुखी विकास का दरवाजा खोलेंगे और नवादा के अस्मिता की रक्षा करेंगे । उन्होंने जनता के बीच पिछले तीन वर्षों से कड़ी मेहनत का जिक्र करते हुए कहा कि संवेदना यात्रा , सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा के बहाने हमने लोगों के सुख दुःख को निकट से देखा है । उनकी समस्याओं को जाना पहचाना और निश्चय किया कि इनकी समस्याएं दूर करने के लिए जो कुछ मुझे करना चाहिए वह जरूर करूँगा । राजद के शीर्ष नेतृत्व ने भी मेरे कार्यों की सराहना की और लोकसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया । उन्होंने स्वंय मुझे टिकट देने के लिए बुलाया किन्तु आखिरी समय में टिकट उस व्यक्ति को थमा दिया गया जो राजद के प्रति कभी वफादार नहीं रहा । उन्होंने वायरल तस्वीर का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिश्ता बीजेपी वालों से आज भी बना हुआ है जिसकी तस्वीरें और वीडियो भी वायरल हुआ है । पत्रकारों को संबोधित करते हुए एमएलसी अशोक कुमार ने कहा कि हमारे परिवार ने राजद को अपना घर परिवार माना है इसलिए हमारी बगावत में भी मोहब्बत छिपी होती है ।

नवादा वासियों की भलाई के लिए मेरे परिवार ने मुश्किलों का सामना भी किया है और पार्टी लाइन से अलग हट कर आंदोलन भी किया है । जनवितरण समेत कई विभागों में भ्रष्टाचार को लेकर माननीय विधायक द्वारा 36 घण्टे तक भूख हड़ताल किया गया था जबकि उस समय हमलोग सरकार में थे । जिले के चारो विधायको ने इस आंदोलन में अपनी भागीदारी निभाई थी । इन्ही दायित्वों को लेकर मेरे चाचा विनोद यादव लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और यहां की जनता ने इन्हें भरपूर ताकत दे दी है । हमलोग किसी का वोट काटने नहीं बल्कि जीतने के लिए मैदान में डटा हुआ हूँ । जिला परिषद सदस्य वीणा देवी ने कहा कि राजद के शीर्ष नेतृत्व ने शहाबुद्दीन के अवदानों को भुलाकर अल्पसंख्यक वर्ग को निराश किया है । शाहबुद्दीन को 2016 में जमानत मिल गया था किन्तु लालू जी और तेजस्वी जी के सपोर्ट में इतनाही बोले थे कि नितीश जी बिहार के परिस्थितिजन्य मुख्यमंत्री हैं । इनलोगों ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द करवाकर तिहाड़ जेल भिजवा दिया और बैगर इलाज के उनकी हत्या कर दी गई । इन लोगों ने उनके पुत्र को भी क्रिमनल साबित करने की कोशिश की । दुःख की घड़ी में हिना शहाब को दरकिनार करना किसी भी ऐंगल से सही नहीं कहा जा सकता ।

उन्होंने कहा कि हमारी पूरी टीम की संवेदना हिना शहाब के साथ है और जरूरत पड़ने पर उनकी मदद के लिए भी तैयार है । जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय नेता पप्पू यादव की अनदेखी से भी एक बड़ा तबका राजद से नाराज है । पप्पू यादव को उनके जन अधिकार पार्टी के साथ कांग्रेस में विलय करवाया गया और पूर्णिया से चुनाव लड़वाने का भरोसा दिया गया लेकिन उनका भी टिकट काट कर धोखा दिया गया ।

पप्पू यादव बिहार में प्राकृतिक या मानव निर्मित किसी भी संकट में हर जगह पहुँच कर कम से कम संवेदना जरूर व्यक्त करते थे । पप्पू यादव बड़ा लीडर हो जायगा इस डर से उनका टिकट काटा गया । लेकिन जनता सब कुछ जानती है इसलिए पप्पू यादव और हिना शहाब भारी मतों से विजयी होने जा रहे हैं । उपाध्यक्ष निशा चौधरी ने कहा कि नवादा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से विनोद यादव को सभी जाति , वर्ग , समुदाय या धर्म का वोट मिल रहा है जबकि घोषित उम्मीदवार ही यहां पूर्व की भाँती वोटकटवा बने हुए हैं । विधायक विभा देवी एवं प्रकाशवीर ने स्पष्ट किया कि हमलोग जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और जनता की भावनाओं के अनुकूल हमे पार्टी लाइन से अलग विनोद यादव का समर्थन करना पड़ा । पत्रकारों को श्रीकांत सिंह , प्रिंस तमन्ना , आलम साहब के अलावे कई जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया ।

डीएम ने मतदाताओं के नाम अपील की

लोक तंत्र की आवाज़

नवादा । श्री प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी के द्वारा मतदाताओं के नाम अपील की गयी है कि आप सभी इस बात से अवगत हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के रूप में मनाया जा रहा है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। आपके पास संविधान द्वारा प्रदत अमूल्य वयस्क मताधिकार है। इस लोकसभा चुनाव में आप इसका प्रयोग करके लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हमें इसबार जनभागीदारी सुनिष्चित करते हुए पहले के चुनावों के मुकाबले मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि करने की आवश्यकता है।

मैं प्रशांत कुमार सी.एच., जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, नवादा के तौर पर जिला के सभी पात्र पुरूष, महिला एवं अन्य मतदाता,विशेष रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग तथा युवा मतदाताओं से मतदान करने की अपील करता हूँ। आप सभी से अनुरोध है कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दिन सभी कार्यों को छोड़कर, मतदान को सर्वप्रथम प्राथमिकता बनाए।इसे सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समझते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व कर्त्तव्य को ध्यान में रखकर बिना किसी डर व प्रलोभन के लोक सभा आम निर्वाचन–2024 में अपनी भागीदारी सुनिष्चित करें तथाअपना बहुमूल्य वोट डालकर लोकतंत्र की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान दें।

नवादा में बाहरी भगाओ नवादा बचाओ का नारा देकर तेजस्वी ने एक करोड़ नौकरी देने का किया वादा

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा के सिरदला स्थित जर्रा बाबा के मैदान में मंगलवार को तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की जनता से अपील की. साथ ही बाहरी भगाओ नवादा बचाओ का नारा देकर मोदी सरकार पर उन्होंने जमकर निशाना साधा. तेजस्वी ने कहा कि श्रवण कुशवाहा नवादा के बेटा हैं. नवादा के बेटे को ही यहां का सांसद बनाने का काम करें, ताकि आपके दुख–सुख में हमेशा खड़ा रहें। बाहरी भगाओ नवादा बचाओ' के लगाए नारे : सभा 8को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने 'बाहरी भगाओ नवादा बचाओ' के नारे भी लगाए. उन्होंने कहा कि ₹15 सालों से बीजेपी वालों ने नवादा को प्रयोगशाला बना दिया है और हमेशा बाहरी लोगों को टिकट देने का काम किया है. राष्ट्रीय जनता दल ए टू जेड की पार्टी है. अगड़ा, पिछड़ा, दलित महादलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक सभी लोगों को साथ लेकर पार्टी चलने का काम कर रही है. इस बार नवादा में लालटेन जलने जा रहा है।

बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी : उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा बीजेपी के मतलब बड़का झूठा पार्टी हैइ। उन्होंने कहा भाजपा जुमला की सरकार है ,बीजेपी का चार झूठा वादा किया जो कभी पूरा नहीं हुआ। भाजपा ने 04 काम किया है. बेरोजगारी को बढ़ा दिया है ,गरीबी को बढ़ा दिया है ,महंगाई को बढ़ा दिया और जुमलेबाजी का काम किया है .हमलोग एक करोड़ नौकरिया देंगे ,गैस सिलेंडर को 500 रुपया कर दिया जाएगा और हर महिलाओं को एक लाख सालाना देंगे। मुकेश सहनी ने भी बीजेपी पर साधा निशाना : चुनावी सभा में तेजस्वी यादव के साथ मौजूद मुकेश सहनी ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है. यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है. ऐसे में सोच समझ कर वोट करना है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता से हर साल 2 लाख नौकरी और 15–15 लाख रुपये सभी के खाते में भेजने का झूठा वादा कर देशवासियों को ठगने का काम किया है. बीजेपी गरीबों की पार्टी नहीं है, बल्कि अमीरों और अडानी–अंबानी की पार्टी है।

'बीजेपी के लोग संविधान को नहीं मानते हैं' : सहनी
मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी के लोग संविधान को नहीं मानते है, बल्कि ये लोग नागपुर के कानून से चलते हैं. बीजेपी वाले देश के संविधान को बदलना चाहते हैं. ऐसे में हम लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. उन्होंने अपील की कि राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को अधिक से अधिक वोट देकर विजयी बनाने का काम करें. इस मौके पर तेजस्वी यादव के समक्ष जदयू नेत्री पिंकी भारती ने राजद की सदस्यता लिया और कहा राजद को वोट करें ताकि संविधान की रक्षा हो और गरीबी व मंहगाई को खत्म किया जाय. तेजस्वी यादव ने फूल –माला और गुलदस्ता देकर पिंकी भारती का राजद परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा पिंकी भारती जैसी नेत्री को पार्टी में आने से रजौली विधानसभा और नवादा राजद को मजबूती मिलेगी ।

जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में नवादा की टीम ने नालंदा की टीम को हराया

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार
नवादा । बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नालंदा में आयोजित सीनियर अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान नालंदा को एक बार फिर से नवादा ने धूल चटाया है । आज सुबह नवादा के कप्तान दीपक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नवादा टीम ने विवेक रंजन के 42 रन सुमन सौरभ के 41 रन ,यशराज सिंह के 38 रन तथा सचिन पटेल के 30 रनों की मदद से पूरी टीम 46 ओवर में 242 रन बनाकर ऑल आउट हुई।

गेंदबाजी करते हुए नालंदा के गेंदबाज आदित्य राज ने चार खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम 190 रन बनाकर ताश की पत्तों की तरह बिखर गई जिसमें मुन्ना ने 66 रन के अलावे कोई भी बल्लेबाज टीक कर नहीं खेल सके ।नवादा की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए रितिक शर्मा ने तीन विकेट ,विवेक रंजन ने दो विकेट तथा सौरव सुमन ने भी दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से एक बेहद ही महत्वपूर्ण मैच में नवादा ने नालंदा को 52 रनों पराजित किया। मैच में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले सुमन सौरभ को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। नवादा टीम के शानदार जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ,उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा, सचिव मनीष आनंद ,संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव, मनीष गोविंद आनंद मिश्रा सुभाष प्रसाद विकास कुमार टीम मैनेजर अजय कुमार एवं कोच अशीष पटेल ने टीम को बधाई एवं अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

महोत्सव को लेकर बघोई में भीड़ उमड़ी, कार्यक्रम आज

लोकतंत्र की आवाज

विजय कर्ण
हसपुरा(औरंगाबाद)। डिंडीर पंचायत के बघोई गाँव में रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। माँ बनदेवी के दर्शन को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी है।दूर दूर से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है।सोमवार की शाम आरती में भीड़ जमी रही।दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे थे।रात में शाधवी का प्रवचन भी जारी रहा जिससे दर्शको चिपके रहे।गांव में उत्साह चरम पर है।यहां 17 अप्रैल को महोत्सव मनाया जाएगा। बुढ़िया माई के प्रांगण में रामनवमी के दिन में हवन होगा। रात्रि में वृन्दावन के झांकी व गायक प्रवीण सिंह का संस्कृतिक कार्यक्रम होगा।कई कलाकारों द्वारा माता के मनमोहक भजनो का प्रस्तुति होगी।कमिटी के अध्यक्ष रिपुदमन सिंह ने बताया कि महोत्सव का उदघाटन पूर्व विधायक डॉ. रणविजय सिंह, राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू सिंह करेंगे।मौके पर दूर–दूर से जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है।पूजा को लेकर बघोई,पांडेय बीघा,डिंडीर,बंधवा समेत दर्जनभर गांव में उत्साह है।बता दें कि यहां सदियों से माँ बनदेवी की पूजा अर्चना की जाती रही है।रामनवमी के अवसर पर काफी भीड़ लगती है। लोगो को भरपूर आस्था व श्रद्धा है।मान्यता है कि जो सच्चे मन से मांगी गयी दुआएं यहां अवश्य पूरी होती है।मां बनदेवी से संबंधित कई ऐसे आश्चर्यजनक कहानियां कही जाती है।यहां कई ऐसे श्रद्धालु हैं जिनकी मुराद पूरी हुई है।ग्रामीणो के अनुसार प्रत्येक वर्ष माँ महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तूत किये जाते हैं।जिसमें दूर दूर से दर्शक पहुंचते हैं।माँ बनदेवी के नाम पर बघोई गाँव विख्यात है।जिनमे अपार शक्ति की चर्चाएं हमेशा लोग करते रहते हैं।

चन्द्रवंशी समाज ने बैठक कर भाजपा को वोट करने का लिया निर्णय

लोक तंत्र की आवाज़

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। नगर क्षेत्र के पार बाध में मंगलवार की सुबह चुनाव के मद्देनजर चन्द्रवंशी समाज की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार राजवंशी ने किया। मुख्य पार्षद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के बीते दस वर्षों का शासन बहुत ही शानदार रहा है।उन्होंने देशहित में कई कार्य किये हैं।साथ ही गरीबों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं का भी क्रियान्वयन हुआ है,जो धरातल पर सभी जगह देखने को मिलता है।उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में नवादा जिला के चन्द्रवंशी समाज ने देश के सतत विकास में जुड़े राजनीतिक पार्टी भाजपा प्रत्याशी डॉ.

विवेक ठाकुर को अपना बहुमूल्य मत देंगे। साथ ही आसपास के लोगों को भी अपना मत देने के लिए जागरूक करेंगे।बीते माह पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के अवसर पर पार बाध में आयोजित कार्यक्रम के मंच से भी रजौली विधानसभा के अतिपिछड़ा समाज ने प्रधनमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने को लेकर संकल्प लिया था। वही बैठक के दौरानअबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते हुए। एक मत से भाजपा को वोट देने का निर्णय लिया गया। बैठक के मौके पर नंदू चन्द्रवंशी, अजय चन्द्रवंशी, प्रमोद चन्द्रवंशी, सनोज कुमार चन्द्रवंशी, मुखिया बबिता देवी, मुन्ना चन्द्रवंशी, भारत चन्द्रवंशी, नकुलदेव चन्द्रवंशी, संदीप कुमार, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार सहित समाज के दर्जनों लोग बैठक में शामिल थे।

रामनवमी को लेकर खूब बिकी महावीरी झंडा व पूजन सामग्रीउत्साह में दिखे सनातनी श्रद्धालुगण

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। नगर में रामनवमी त्योहार को लेकर मंगलवार को बाजारों में महावीरी झंडा,पताका व प्रसाद समेत अन्य पूजन सामग्री की लोगो द्वारा खरीदी करते दिखे। बाजार में विभिन्न तरह के आकर्षक महावीरी झंडा 30 रुपये से लेकर 300 रुपये तक में बिक रहे हैं। इसके अलावा राम नाम वाला गमछा, लंगोटा आदि की भी बिक्री खूब हुई। वही उत्साह में दिखे सनातनी श्रद्धालुगण रामनवमी को लेकर प्रखंड के विभिन्न रामजानकी ठाकुरबाड़ी,हनुमान मंदिर आदि का रंग रोगन अंतिम चरण में है।इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर होने वाले भजन कीर्तन और अष्टयाम का आयोजन किया जा रहा है।प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक,पुरानी बस स्टैंड,नीचे बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर के अलावे क्षेत्र के सैकड़ों जगहों पर पुजारी द्वारा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया गया है।सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा घरों के आंगन में प्रतिवर्ष ध्वजारोहण किया जाता है।इसमें महावीरी झंडा लगाया जाता है।स्थानीय पुजारी घनश्याम पाण्डेय बताते हैं कि हनुमानजी विघ्न बाधाओं से लोगों की रक्षा करते हैं।साथ ही बताया कि रामनवमी एक ऐसा हिन्दू त्यौहार है जिसमें पूरे भारतवर्ष में भगवान राम का जन्मदिन हर्शोल्लाश के साथ मनाया जाता है।इस दिन देश में हिन्दू धर्म के अनुयायियों के इस अवसर को काफी धूमधाम से मनाते हैं।कहा जाता है की रामनवमी के दिन भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था।यही कारण है की हर वर्ष इसी दिन हिन्दू धर्म के अनुयायी भगवान राम के जन्मदिवस को रामनवमी के तौर पर धूम–धाम से मनाया जाता है। इस दिन बहुत से लोग अपना आस्था प्रकट करने के लिए भगवान राम के लिये व्रत रखते हैं और साथ में भगवान राम का स्मरण भी करते हैं।। चूंकि यह पर्व भगवान राम से जुड़ा हुआ हैं, इसीलिए हिन्दू धर्म के लोगों के लिए यह दिन काफी शुभ होता है।रामनवमी को लेकर प्रखण्ड में कई जगहों से शोभायात्रा भी निकाला जाना सुनिश्चित किया गया है।वहीं इस वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या के प्रसिद्ध मंदिर में रामलला के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ भी कराया गया है।जिसको लेकर भी लोगों में भारी उत्साह है।जबकि नवादा जिले में लोकसभा का चुनाव 19 अप्रैल को है।जिसको लेकर प्रशासन थोड़ी व्यस्त जरूर है। किंतु सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम हैं।रामनवमी के शुभ अवसर पर 21 अप्रैल को नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर,पुरानी बस स्टैंड स्थित बजरंगबली मंदिर एवं डीह रजौली से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।जिसको लेकर भी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा तैयारियां की जा रही है।बताया जाता है कि शोभायात्रा में अयोध्या में विराजमान रामलला की झांकी के साथ भारत माता एवं राम–लक्ष्मण–सीता व हनुमान की सुंदर झांकी निकाले जाने की तैयारियां चल रही है।झांकियों में शामिल होने वाले बाल कलाकार भी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें ।

विद्युत तार स्पार्किंग से लगी आग में करीब 5 बीघा गेंहू और अरहर की खेत में खड़ी फसल जलकर राख

घनश्याम तिवारी

बलिया – विशुनपुरा ग्राम सभा में मंगलवार के दिन विद्युत तार स्पार्किंग से लगी आग में करीब 5 बीघा गेंहू और अरहर की खेत में खड़ी फसल जलकर राख हो गयी।बताया जाता है कि अजीत राजभर के डेरा के बगल में बिजली तार के आपस में टकराने से चिंगारी निकाली तथा गेंहू के खेत में फैल गयी।प्रधान अर्जुन सिंह चौहान ने फोन कर बिजली आफ कराया तथा खेतो में मौजूद किसानो के साथ हैड पम्प और गड्ढे में मौजूद पानी से आग को नियंत्रित करने के काम में जुट गए।हालाकि मौके पर मौजूद रेवती निवासी शम्भू पाण्डेय का नलकूप भी आग से घिर चुका था।इस घटना में सुरेश पटेल और छितेश्वर पासवान का एक बीघा अरहर, रवि शंकर पाण्डेय और मदन शर्मा का दो बीघा गेहूं, मदन पासवान का गेहूं का भूसा जलकर नष्ट हो गया।

फ्रॉड कर खाते से निकाले गये 71,972/–रुपए

घनश्याम तिवारी

बाराबंकी –पीड़िता प्रेरणा श्रीवास्तव निवासिनी विकास भवन कोठीडीह थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा साइबर अपराधियों द्वारा डेबिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड/ऑनलाइन धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 71,972/– रुपए रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायत की गई। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए, पीड़िता की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में प्राप्त शिकायती पत्र पर साइबर थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित मर्चेण्ट से पत्राचार कर साइबर तकनीक का उपयोग करते हुए कुल 71,972/– रुपए को उनके एकाउण्ट में वापस कराया गया।

कशी नाटिनियादायी व्यापार मण्डल के तरफ़ से विशाल भंडारे का आयोजन सम्पन्न

वाराणसी: कशी नाटिनियादायी व्यापार मण्डल की तरफ से चैत्र नवरात्री के शुभ अवसर पर छठे दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्र के सारे छोटे और बड़े व्यापारियों के साथ क्षेत्र के सभी नगरीको का सहयोग मिला। इस अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि गाज़ीपुर के एमएलस विशाल सिंह रचंचलर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक पंकज सिंह ने अंगवस्त्रम से सम्मानित किया और माता का प्रसाद ग्रहण किया, इस भंडारे का संचालन व्यापार मण्डल के कार्यक्रम संयोजक दीपू कश्यप, पंकज सिंह और आनंद जायसवाल जी के साथ सहयोगी व्यापारी ओमवीर सिंह, करन यादव, शिव गुप्ता, अमित वर्मा, अरुन श्रीमाली, अंकित पाण्डेय, अभिषेक यादव आदि थे।

डीएम ने जनपद में धारा–144 लागू करने का दिया आदेश

15 अप्रैल 2024 से 12 जून 2024 तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–144 लागू करने का आदेश दिया है

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

बलिया। जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 एवं रामनवमी तथा महावीर जयंती के दृष्टिगत शांतिभंग की आशंका जताते हुए जनपद बलिया की सीमा के भीतर निवास करने वाले तथा आने–जाने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए 15 अप्रैल 2024 से 12 जून 2024 तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–144 लागू करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि नागरिक सुरक्षा, सार्वजनिक शांति व्यवस्था तथा जन जीवन को सामान्य बनाए रखने, मानव जीवन को स्वस्थ रखने एवं खतरों से निवारण करने, बलवा अथवा किसी अन्य दंगों के निवारण के लिए निरोधात्मक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि इतना समय नहीं है कि उन पर नोटिस की तामिली की जा सके, अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जा रहा है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों/ उनके प्रतिनिधियों के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन – 2024 में मत प्राप्त करने के लिए किसी धर्म (मजहब), संप्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दल /उम्मीदवार/कार्यकर्ता की सांप्रदायिक और धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचाने, किसी की भी शासकीय/सार्वजनिक संपत्ति /स्थल /भवन/ परिसर में विज्ञापन, वॉल राइटिंग, होर्डिंग और बैनर न लगाने का आदेश पारित किया है। उन्होंने चुनाव प्रचार हेतु वाहनों, लाउडस्पीकर और साउंड बॉक्स का प्रयोग, टीवी चैनल /केबल नेटवर्क/ वीडियो वाहन अथवा रेडियो से किसी भी प्रकार का विज्ञापन/ प्रचार तथा सभा /रैली /जुलूस का आयोजन और कोई मुद्रक/प्रकाशक या कोई व्यक्ति के द्वारा निर्वाचन प्रचार/सामग्री के प्रकाशन से पहले जिला प्रशासन की अनुमति प्राप्त करने सहित अन्य बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश पारित किया है।उन्होंने कहा है कि उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड विधान की धारा–188 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। उन्होंने इस आदेश का संबंधित थाना क्षेत्रों में डुग्गी पिटवाकर तथा लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार करने का आदेश दिया है।

डीएम ने ग्यारह अभियुक्तों को दिया जिला बदर का आदेश

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

बलिया। जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में संलिप्त जनपद के ग्यारह अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए छह महीने के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का भी आदेश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया है कि आदेश तामीला की तिथि से सभी अभियुक्त तुरंत जनपद की सीमा से बाहर चले जाएं और 6 माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने यह भी कहा है कि बलिया की सीमा से बाहर जाने की सूचना अभियुक्तों को अपने संबंधित थानों पर देना होगा और यह भी बताना होगा कि वे कहां रह रहे हैं। साथ ही अभियुक्तों को यह भी आदेशित किया गया है कि वे अपने पास कोई भी आग्नेयास्त्र या आपत्तिजनक वस्तु नहीं रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे दोषियों पर आगे भी कार्रवाई होती रहेगी।

खरीद दरौली घाट पीपा पुल के नट खुल जाने से पुल पर गमनागमन ठप यात्री हलकान

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

सिकंदरपुर बलिया। खरीद दरौली घाट पीपा पुल के पीपों का नट खुल जाने से आवागमन ठप पड़ गया है।जिससे मौके पर जाम की स्थिति पैदा हो गयी तेज धूप के बीच दोनों तरफ घाटों तथा पुल पर जमा भीड़ को काफी कठिनाई हो रही है।महिलाएं एवं छोटे छोटे बच्चे तो पानी के अभाव में प्यास से तड़फड़ा रहे हैं।यह स्थिति लोकनिर्माण विभाग की लापरवाही के कारण पैदा हुई है जिस से यू पी व बिहार को आवागमन करने वालों में काफी आक्रोश है। मंगलवार की सुबह पीपा पुल पर नदी पार करने वाले यात्रियों का आवागमन निर्बाध रूप से शुरू हुआ।उसी दौरान पता चला कि जोड़े गए कुछ पीपों के नट खुल गए हैं जिससे पुल का संचालन कभी भी बड़े हादसा का कारण बन सकता है।इस का मद्देनजर ही पुल का संचालन जिम्मेदारों द्वारा रोक दिया गया उसके बाद 2 घंटे बाद आवागमन शुरू हुआ ऐसे प्रतिदिन पीडब्ल्यूडी विभाग के लोग नट बोल्ट ठीक करने का काम करते हैं जिसकी वजह से पता चल जाता है कौन सा नट बोल्ट ढीला है रूटीन में आज भी चेक करने का समय था थोड़ा देर से चेकिंग शुरू हुआ जिसके वजह से आवागमन बंद हो गया था 2 घंटे बाद पूरा चालू कर दिया गया।

अधिवक्ताओं का विरोध संसद को झेलना पड़ा

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

आजमगढ़। आजमगढ़ के दीवानी न्यायालय के अंदर वकीलों के सभागार में मंगलवार को अपराह्न उस समय हंगामा हो गया जब आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ अपने तय कार्यक्रम के अनुसार दीवानी न्यायालय बार सभागार में विधि प्रकोष्ठ सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जब अधिवक्ताओं से सांसद निरहुआ मिलने लगे उसी समय उनका विरोध शुरू हो गया। सूत्रों के अनुसार सांसद के आने की सूचना को लेकर सुबह ही अधिवक्ताओं की एक बैठक होचुकी थी। जिसमें प्रस्ताव पास होने की बात कही जा रही थी कि ग्रामीण न्यायालय के मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं के आंदोलन में किसी भी राजनीतिक दल ने मौके पर पहुंचकर समर्थन नहीं दिया था।इसलिए अधिवक्ता भी न्यायालय परिसर में राजनीतिक दल के नेताओं को अपने

प्रचार प्रसार करने का विरोध करने के लिए तैयार हैं। वहीं दूसरी तरफ जब सांसद निरहुआ न्यायालय परिसर में पहुंचे तभी वकीलों द्वारा विरोधाभास की नारेबाजी शुरू हो गई। इसी बीच किसी प्रकार से सभागार के पिछले गेट से निरहुआ को बाहर निकालने की कोशिश की गई। वहीं न्यायालय अभिभावक संघ में अधिवक्ताओं का जमावड़ा भी लगा हुआ था। सांसद निरहुआ जब बाहर निकलने लगे इस दौरान दोनों पक्षों से नारेबाजी शुरू हो गई। गेट तक पहुंचते पहुंचते मारपीट की नौबत आ गई। वहीं दूसरी तरफ सांसद निरहुआ ने कहा कि सफाई गुंडे हर जगह मौजूद हैं। जब वह गांव में भी प्रचार करने जाते हैं इसी तरह गुंडई करते हैं यहां परिसर में भी कुछ गुंडे रहते हैं तो लेकिन इनका एक बात समझ लेनी चाहिए कि 2019 में एक भाई जीत कर भाग गया 22 में हार कर भाग गया दूसरा भाई अब 24 में फिर भागेंगे अगर किसी को विरोध करना है तो वह ईवीएम के बटन पर दबाकर विरोध कर सकता है। लेकिन कहते हैं कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा उसमे बैठा सबसे बड़ा गुंडा वही दिख रहा है।

घर में घुसकर मारपीट व लूट के मामले में थानाध्यक्ष बड़ागाव को मुकदमा दर्ज करने का आदेश

लोक तंत्र की आवाज़

वाराणसी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सप्तम) वर्तिका शुभानंद की अदालत ने घर में घुसकर मारपीट करने, रूपये तथा गहना लूटने के मामले में ईसीपुर, बड़ागाव निवासी अरविंद सिंह वगैरह के विरूद्ध बड़ागाव थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश बड़ागाव निवासी राहुल सिंह ने अपने अधिवक्ता राहुल श्रीवास्तव के माध्यम से कोर्ट में 156 (3) के तहत प्रार्थनापत्र दिया था।

जाने क्या हैं प्रकरण प्रार्थी का आरोप है कि विपक्षीगण द्वारा 22 नवम्बर 2023 की शाम 08:30 पर प्रार्थी के कनपदी पर अरविंद सिंह रिवाल्वर तानकर अपने मोबाइल से दीप नारायण उर्फ दीपक सिंह से बात करायी। दीपक सिंह ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार के नाम से जितनी भी शिकायत प्रार्थना पत्र पक्की नाप कराने हेतु हमारी जमीन के बाबत दिये हो उसे वापस लेने को कहा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी को जमीन पर गिराकर लात घूसा मुक्का से मारा पीटा तथा गला दबाया, सीने पर चढकर लात से मारा। प्रार्थी के भाई व उसकी पत्नी को भी मारा पीटा तथा गाली गुप्ता दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने प्रार्थी की लाइसेंसी पिस्टल तथा प्रार्थी के घर में रखा 4,76,000/– रुपया, गहना व प्रार्थी की फार्च्यूनर गाडी उठा ले गए। प्रार्थी द्वारा घटना की सूचना थाने पर दी गई व मेडिकल कराकर भी पुलिस को दिया गया। बावजूद आज तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। तब प्रार्थी थक हार कर न्यायालय की शरण ली।

शाहजहांपुरःदहेज हत्या की जांच सीओ को सौंपी

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुवायां थाने के एक दरोगा का वीडियो डालकर कार्रवाई की मांग की गई है। दहेज हत्या की जांच के दौरान मृतका के भाई से दरोगा ने कह दिया कि तुम्हारे मुंह में कारतूस घुसेड़ दें क्या। एक्स पर वीडियो डाले जाने के बाद एसपी ने मामले की जांच सीओ को सौंपी है। गांव डूंडा निवासी सुधीर की पत्नी लक्ष्मी देवी का शव 12 अप्रैल की रात घर के कमरे में कुंडे से लटका मिला था। जानकारी पाकर 13 अप्रैल को पहुंचे लक्ष्मी देवी के भाई जनपद पीलीभीत के गांव महुआ गुंदे निवासी रजनीश कुमार ने दहेज हत्या के आरोप में बहनोई सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चर्चा है कि एक्स पर डाला गया वीडियो सुधीर के

घर में बनाया हुआ है। जांच के दौरान सुधीर के घर एक डिब्बे में कारतूस बरामद हुए थे। वीडियो में दिख रहा है कि रजनीश ने पुलिस से कारतूसों का फोटो मांगा तो दरोगा ने मना कर दिया। इसके बाद बात बढ़ने पर दरोगा ने रजनीश से कहा कि कारतूस तुम्हारे मुंह में घुसेड़ दूं क्या। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर एक्स पर डालकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग कर दी। एसपी ने सीओ से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। सीओ पुवायां पंकज पंत ने कहा कि एक्स पर वीडियो डाले जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने जांच मुझे सौंपी है। दरोगा हाईकोर्ट गया है। वापस आने पर बयान दर्ज कर जांच की जाएगी।

राम नवमी का पर्व हिंदुओं का प्रमुख त्योहार

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

प्रतापगढ़। राम नवमी का पर्व हिंदुओं का प्रमुख त्योहार माना जाता है जिसे चैत्र रामनवमी के नाम से भी जाना जाता है यह सनातन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है इस दिन भगवान विष्णु के अवतार रामचंद्र जी का जन्मदिन मनाया जाता है हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म हुआ था भगवान राम विष्णु के अवतारों में से एक माने जाते हैं राम नवमी की पूजा से चैत्र मास के नवरात्र का भी समापन होता है रामनवमी के दिन भक्त व्रत उपवास रखते हैं तथा राम सीता की विधिवत पूजा करके भजन एवं कीर्तन करते हैं रामनवमी के दिन अयोध्या नगरी को खूब सजाया जाता है और भव्य मेले का आयोजन किया जाता है कुल मिलाकर रामनवमी आस्था भक्ति और हिंदू धर्म के शाश्वत मूल्यों का उत्सव है यह पर्व भगवान राम के आदर्श चरित्र और त्याग की याद दिलाता है चैत्र महीने के दिन रामनवमी का उत्सव पृथ्वी पर ईश्वरी शक्ति का प्रतीक है इस दिन भक्त प्राणी सरयू नदी में स्नान करके राम जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं राम नवमी का पर्व शुद्ध सात्विक रूप से भक्तों के लिए खास महत्व रखता है। सीमा त्रिपाठी लेखिका।

बाराबंकी : पुलिस बल को ब्रीफ कर किया गया रवाना

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम तिवारी

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के प्रथम चरण–जनपद सहारनपुर, द्वितीय चरण–जनपद हापुड़, तृतीय चरण–जनपद कासगंज में मतदान को सकुशल शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद बाराबंकी में ड्यूटी हेतु लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर रवाना किया गया। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को चुनाव ड्यूटी को पूरी निष्ठा एवं

ईमानदारी के साथ करते हुए मतदान को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने एवं मतदेय स्थल की सुरक्षा एवं अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आदर्श चुनाव अचार संहिता एवं माननीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु 39 उपनिरीक्षक, 424 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को सशस्त्र, 10 बसों से 05 मेस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं (फर्स्ट एड किट, लंच आदि) देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

संक्षिप्त खबरें ।

शरद बाजपेई की पत्नी नीलम बाजपेई का निधन, शोक की लहर

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद बाजपेई के पत्नी नीलम बाजपेई जिनका उम्र 51 वर्ष और वे पेशे से शिक्षिका एवं भारतीय जनता पार्टी भागलपुर जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक बाजपेई के चाची थी।आज दोपहर में उनका अचानक हृदयाघात के कारण स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री के साथ पूरा भरा परिवार को छोड़ कर चली गयी। सूचना मिलने पर उनके परिवार के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भागलपुर परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। भारतीय जनता पार्टी के भागलपुर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने उनके निधन पर गहरा शौक व्यक्त किया, उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। शोक व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय, नभय चौधरी अभय बर्मन, जिला उपाध्यक्ष दिलीप निराला, विपुल सिंह, सहित अनेकों जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओ ने शोक व्यक्त किया।

सम्राट अशोक जी की जयंती मनाई गई

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत शादीपुर गांव में सम्राट अशोक जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शादीपुर ने मौलटोला को 9 और 7 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक महान शासक रहे जिन्होंने अखंड भारत के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। सम्राट जी के शासन काल में सभी समुदाय के लोगो को समानता थी। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए पुत्र और पुत्री को देश विदेश भेजे। इस अवसर पर शिक्षक अंकज मंडल,प्रणव प्रियदर्शी,मुकेश कुमार ,दीपक कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

भगवती का पट खुलते ही भक्तो उमड़ा हुजूम

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पूरे पीरपैंती प्रखंड के पूजा पंडालों में भगवती कालरात्रि का पट खुलते के साथी दर्शन, आरती ,महिलाओं खोईछा , डालियां और नारियल चढ़ाने वालों की भीड़ उमर पड़ी। संध्या आरती के समय में हजारों की संख्या में भक्तों की टोली उपस्थित थे ।बाबा मनोकामना नाथ मंदिर , बघुआ टोला दुर्गा मंदिर ,योगी वीर पहाड़ का मंदिर ,शादीपुर दुर्गा मंदिर, सहित तमाम पूजा पंडालों में भक्तों का भीड़ उमड़ पाड़ा। संध्या आरती के समय भक्तों की उपस्थिति देखने लायक रही। भक्त माता रानी की जयकारा कर रहे थे ।सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। बघुआ टोला पूजा समिति के अध्यक्ष रजनीश यादव ,सचिव गोविंद सिंह ,उपाध्यक्ष शंकर दयाल सिंह ,विनीत विजय सिंह, संजय सिंह ,राम सिंह, बबलू सिंह ,मनोज सिंह , सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहें ।गोलू बाबा उर्फ अभयानंद अभिषेक शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से देवी का आह्वान कराया।

इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक मंत्री के निजी आवास में जिला अध्यक्ष बरकत खान की अध्यक्षता में संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा- जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने की अध्यक्षता में सूबे के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर उल्गुलन न्याय महा रैली को लेकर इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहुत की गई है इस बैठक में इंडिया गठबंधन के जिला स्तरीय प्रखंड स्तरीय प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं मौजुद रहे। जो विषय वस्तु था उसे पर चर्चा करने के लिए कार्यक्रम की गई जो उल्गुलन न्याय महा रैली है जो रांची में 21 अप्रैल को है । कायकर्ता को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने को कहा गया। गठबंधन के इस बैठक में और मंच पर उपस्थित रहे वर्तमान सांसद और राजमहल लोकसभा के वर्तमान प्रत्याशी विजय हसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ,कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम , नजरुल साहब ,आज कि बैठक में और इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ही है की इंडिया गठबंधन के द्वारा आगामी 21 अप्रैल को अपराह्न 1:00 बजे प्रवाहक तारा मैदान धुर्वा रांची में उलगुलान न्याय महा रैली का आयोजन किया गया है और इस रैली में हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी आदरणीय सोनिया गांधी जी आदरणीय राहुल गांधी जी इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नजन और राज्य स्तरीय नेता का इसमें उपस्थित रहेंगे हम लोग वर्तमान जो अभी देश की स्थिति है उसे देखते हुए जो हर तरह से जो वर्तमान सरकार मोदी सरकार कोई नियम कानून की परवाह किए बिना अपने मनमानी तरीके से या समझदारी तरीके से लोकतांत्रिक तरीके से हर काम को करना चाहती है और कर रही है इसके लिए इंडिया गठबंधन में इस बार पूरा कमर कर चुकी है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भगाना है और इंडिया गठबंधन के सरकार को देश में बनाना है इसी के तहत 21 तारीख की रैली में हम लोग ज्यादा से ज्यादा जूठन उसे रैली में कर सके और इंडिया गठबंधन के तहत एक संदेश हम लोग दे सके लोगों के बीच में एक संदेश जाए विश्वास जगह कहां आईटीआई इंडिया गठबंधन जो बना है उनकी सरकार आती है तो आज जो इतना महंगाई बेरोजगारी बढ़ी हुई है इस पर अंकुश लगेगा इसलिए हम लोग बहुत

ज्यादा से ज्यादा संख्या में विशेष करके साहिबगंज जिला और पाकुड़ जिला से कैसे पहुंचे इसके लिए हम लोग आज यह बैठक कर रहे हैं और इस बैठक में हम लोग अपने-अपने विचार को रखेंगे बारी-बारी से के इस रैली को कैसे हम लोग सफल बना ले और यहां से ज्यादा से ज्यादा मात्रा में संख्या में लोग रांची पहुंचेंगे ' उपस्थित पाकुड़ जिला अध्यक्ष बलाई सरकार और साहिबगंज जिला अध्यक्ष कांग्रेस के बरकत खान और साथ में झामुमो के जिला अध्यक्ष पाकुड़ श्याम यादव साहिबगंज जिला अध्यक्ष झामुमो शाहजहां अंसारी और जिला के पदाधिकारी और प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे।

एकमा व रसूलपुर में धूमधाम से मनी सम्राट अशोक जयंती

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें शिक्षक व मिशन दक्ष के तहत स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी शामिल हुए।

मध्य विद्यालय हंसराजपुर, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, उत्क्रमित मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर, प्राथमिक विद्यालय पांडेय छपरा, रामपुर, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रामपुर मठिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेसुआर, मध्य विद्यालय रीठ, मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, उच्च विद्यालय एकमा, परसागढ़, आर एन हाईस्कूल योगियां आदि अन्य स्कूलों में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी व उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में एच एम मो तौकीर अंसारी की अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अशोक चक्र व अशोक स्तंभ आज भी हमारे राष्ट्रीय प्रतीक बने हुए हैं। अशोक ने बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर उसका प्रचार-प्रसार भी किया था। इस दौरान एच एम मंजीत कुमार तिवारी, अनीता पांडेय, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, विकास कुमार, शना प्रवीण, विकास कुमार सिंह आदि अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। उधर आर एन हाई स्कूल योगियां में सम्राट अशोक की जयन्ती मिशन दक्ष के छात्र छात्राओं के साथ श्रद्धा पूर्वक मनायी गई। प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में मनी अशोक जयन्ती में मिशन दक्ष के छात्र छात्राओं के साथ मौके पर शिक्षक रामेश्वर गोप, उमेश कुमार पांडेय, राकेश तिवारी, कर्पुरी ठाकुर, दिनेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, बृज किशोर पासवान, विजय कुमार गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, विकास कुमार उपाध्याय, दीपक जी ,कुमार प्रिंस, आसिफ इकबाल, शाजीदा परवीन,नेहा , सुनैना, राज कुमारी, रात्रि प्रहरी शिवकुमार यादव आदि शामिल रहे।

बिहपुर : पिकअप चालक पर कराया केस मृतक के पिता ने, थाना में दिया आवेंदन

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत महंत स्थान चौक एनएच 31 पर सोमवार सुबह पिकअप वाहन चालक की लापरवाही व तेज रफ्तार के कारण धक्का लगने से मां-बेटी सहित चार लोग गंभीर रुप से घायल हुए थे। घायलों में भ्रमरपुर के शशिकांत मिश्रा की पत्नी अंजनी देवी व पुत्री अन्नू कुमारी व नारायणपुर कुसाहा के जिश्शन कुमार व बिहपुर नन्हकार के फुचो दास शामिल थे।बिहपुर से तीन घायलों को मायागंज रेफर किया गया था।जहां अन्नू कुमारी की इलाज के क्रम में मौत हो गई।इस मामले में मृतका के पिता शशिकांत मिश्रा के लिखित आवेंदन के आधार पर झंडापुर थाना में पिकअप चालक पर केस दर्ज किया गया। ज्ञात हो कि मृतक अन्नू का एक मई को शादी होने वाला था। दोनो मां बेटी पूजा करने मरवा भोला मंदिर पैदल जा रही थी। महंत बाबा स्थान चौक से आगे बढ़ने पर गैस एजेंसी के समीप पटना से बांका जा रही फर्नीचर लदे पिकअप ने एक मोटरसाइकिल सवार सहित चार लोगों को रौंद दिया।अन्नू की मां अंजनी देवी की हालत चिंताजनक बनी हुई है।अन्य दो घायल इलाजरत हैं।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आवेंदन पर केस दर्ज कर वाहन चालक का पता करने में पुलिस जुट गई है।

रामनवमी जुलुस समिति को फर्स्ट एड बॉक्स कराया उपलब्ध

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा/पतना :- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिंदुधाम मंदिर एवं बजरंगदल समिति खेतोरीपाड़ा में श्री रामनवमी पूजा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर सहित पुरे शहर को भगवा ध्वज से सजाकर भगवामय में तब्दील कर दिया गया है। वहीं रामनवमी पर्व को लेकर शहर के कई मंदिरों को आकर्षक ढंग से लाइटिंग एवं फूलमाला से सजाया गया है। रामनवमी को लेकर आज बिंदुधाम मंदिर प्रांगण एवं बजरंगदल समिति खेतोरीपाड़ा में हनुमान ध्वज की विधिवत पूजन कर हज़ारों की संख्या में राम भक्त द्वारा अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन व झांकी प्रदर्शन निकाला जाएगा। इस संदर्भ बजरंगदल समिति खेतोरीपाड़ा के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया श्री रामनवमी पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा जुलुस संध्या 3 बजे हनुमान मंदिर खेतोरीपाड़ा से निकाली जाएगी जो की पतना चौक, पलटनिया रोड, झिकटीया, पहाड़ी बाबा चौक, स्टेशन चौक, सब्जी मंडी, मेनरोड होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पहुंचेगी। उन्होंने कहा इस दौरान राम भक्त चौक चौराहों में शौर्य प्रदर्शन भी करेंगे। वहीं रामनवमी जुलुस को लेकर बरहरवा के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार मंगलवार को खेतोरीपाड़ा पहुंच समिति को निःशुल्क फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध करवाया। इस दौरान बजरंगदल समिति ने सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार का श्रीराम के उद्घोष से स्वागत किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, कमल सिंह, अनूप सिंह, अंकित गुप्ता, रिशु कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

रामनवमी पर्व को लेकर राधा नगर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर सौहार्द पूर्ण तरीके से पव मनाने की अपील की बीडीओ विशाल कुमार

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान फ्लैग मार्च का नेतृत्व बीडीओ विशाल पांडे ने किया। फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से निकलकर पूरे थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान मौके पर बीडीओ विशाल पांडे ने कहा कि रामनवमी पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकालकर स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास दिलाया गया।आस पास मौजूद लोगों से कहा गया कि आप लोग अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगाये किसी संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु को देखते ही पुलिस को सूचना दे।वही थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी पर अभद्रता कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो वह गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। पुलिस हर अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही है। अगर पर्व में उपद्रवियों के द्वारा विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश की जाती हो तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे ताकि उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। वही एसआई रूपेश कुमार यादव ने रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि पर्व में सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। किसी प्रकार की कोई भड़काऊ पोस्ट करने पर किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

नवगछिया टीम ने खैरपुर को हराया, चंदन बने मैन ऑफ द मैच

लोकतंत्र की आवाज

भागलपुर वर्सेस रमैया के बीच आज का मुकाबला आयोजकः मनोज मार्शल

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर ,,, मंगलवार को भागलपुर जिले के खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत जमालदीपुर के कलबलिया धार के मैदान पर चल रहे टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवा मैच में नवगछिया और खैरपुर के बीच खेला गया । नवगछिया ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 16 ओवर में 5विकेट खोकर 242रन बनाए जिसमें नवगछिया के अमन ने 51 और चंदन ने 55 रन का योगदान दिया । खैरपुर के बॉलर अभिषेक ने 2 विकेट लिए। खैरपुर की टीम 16 ओवर में 8 विकेट मात्र 196 रन ही बना पाई खैरपुर के तरफ रौशन ने 53 रन का योगदान दिया नवगछिया के बॉलर नवीन और अनुज ने तीन तीन विकेट लिए अंपायरिंग प्रसून सौरव और अमिनेश ने किया कोमेंट्री राजा और समरोज़ । स्कोरर परमवीर। मैन आफ द मैच का ट्रॉफी नवगछिया के चन्दन को दिया गया मनोज मार्शल ने बताया कि आज का मैच रमैया बनाम भागलपुर के बीच खेला जाएगा ।

भागलपुर लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा ने प्रखंड चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। भागलपुर लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी अजीत कुमार ने मंगलवार को बिहपुर के स्वराज आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय भवन में भागलपुर लोकसभा महागठबंधन के प्रखंड चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ।कार्यालय का उद्घाटन महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा ने किया।इस मौके पर कांग्रेस,राजद, भाकपा व माले समेत महागठबंधन घटक दल के कई नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद भी थे।मंगलवार को श्री शर्मा ने बिहपुर प्रखंड के लगभग सभी गांवों में सघन जनसपर्क भी किया।उनके साथ जिप मोईन राईन,जिप प्रतिनिधि विजय मंडल,राजद जिलाध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान,उपाध्यक्ष छतीश यादव,युवा राजद जिलाध्यक्ष अमन आनंद,जिला महासचिव आजाद अंसारी,कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के प्रदेश महासचिव व बिहपुर विधानसभा प्रभारी गौरव कुंवर, पवन राय,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ईरफान आलम,कामरेड प्रणेश समदर्शी,खरीक प्रमुख दल्लू यादव,नंदू यादव,रविंद्र यादव,पंकज चौधरी,खरीक प्रखंड राजद अध्यक्ष सुबोध यादव,शिवशंकर चौधरी,सरपंच अशोक गोस्वामी, समाजसेवी मोहम्मद जहांगीर, शेख हस्बुल ,सुल्तान किंग व सरपंच प्रतिनिधि राजकिशोर राजपाल व मो.फिरोज सांसतबरेज उर्फ संटी आदि समेत महागठबंधन घटक दल के कई नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल भी थे।इस मौके पर प्रत्याशी श्री शर्मा ने कहा कि एक बार मौका दें।मैं घोषणा करने व बयान देने से अधिक कार्यों को जनहित में धरातल पर करने में विश्वास रखता हूं।मैंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किया हूं।उसे आपके वोट की ताकत से अगले पांच वर्षों में पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूगा।बिहपुर-लत्तीपुर-महादेवपुर पुरानी रेललाईन को जीवंत करने व बिहपुर व नवगछिया क्षेत्र में अम,लीची,केला,मक्का व गेंहू आधारित प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना कराने के लिए कोई कसर नहीं नहीं छोड़ूगां।

पीरपैंती : प्रभु श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारें - रामानुज शास्त्री जी

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर सनोखर शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के आठवें दिन मंगलवार को आकर्षक झाँकी देख सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीधाम अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक बाल व्यास रामानुज शास्त्री जी महाराज द्वारा कथा के आठवें दिन माता शबरी मिलन, सती अनुसुइया की कथा, नारी धर्म, शूर्पनखा प्रसंग, खर -दूषण वध, स्वर्ण मृग के रूप में मारीच , सीता हरण, जटायु वध, राम - सुग्रीव मिलन, बाली वध, अंगद का राज्याभिषेक आदि प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। कथा के दौरान बाल व्यास रामानुज शास्त्री जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारें। अपने चरित्र के कारण ही प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। कथा के दौरान विभिन्न भक्ति गीतों एवं भजनों पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। मौके पर शंकर यादव, उषा देवी, रॉकी केशरी, बमबम सिंह , विश्वनाथ भगत, भूमेश्वर बाबा, जवाहर कुमार, बबलु यादव, विक्की बजाज, रिशु पांडेय, चंदन के साथ सभी कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें I

मोतिहारी : 1780 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत कुमार
केसरिया। शराब तस्करों के विरूद्ध मोतिहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई में 02 ट्रक पर लदे 204 कार्टन (1780 लीटर) विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है । लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर आसूचना संकलन के क्रम में दिनांक–15.04.2024 को मद्यनिषेध इकाई, पटना से प्राप्त गुप्त सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चकिया के नेतृत्व में केसरिया थाना एवं मद्य निषेध इकाई, पटना की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी कर केसरिया थानान्तर्गत थाना चौक गोलंबर के समीप से दो ट्रक में गुप्त रूप से छुपाकर रखे 204 कार्टन (1780 लीटर) विदेशी शराब के साथ तीन शराब तस्करों नितेश कुमार यादव, उमेश कुमार, ब्रिज मोहन यादव, को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में केसरिया थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।सत्येन्द्र कुमार सिंह, डीएसपी, चकिया।

रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट ने निर्धन लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

क्षितिज राज
रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट ने समुदाय के निर्धन लोगों के लिए मंगलपुर, नौतन में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। हर रात ज़रूरतमंद लोगों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाने वाले धर्मार्थ ट्रस्ट ने अपनी सेवाओं का विस्तार करके उन लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहायता को शामिल किया है, जिनके पास चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच नहीं है।मंगलपुर, नौतन में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वयंसेवी डॉक्टरों, और चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने निर्धन व्यक्तियों को अपनी सेवाएँ देने के लिए एक साथ काम किया। सामान्य स्वास्थ्य जाँच से लेकर विशिष्ट स्वास्थ्य चिंताओं पर परामर्श तक, चिकित्सा शिविर का उद्देश्य समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों की स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को संबोधित करना था। और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे समुदाय के निर्धन लोगों को चिकित्सा सेवाओं तक पहुँच मिले, चूंकि रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट अपनी पहुंच और सहायता सेवाओं का विस्तार करना जारी रखता है, इसलिए यह संगठन जरूरतमंद लोगों के लिए आशा और करुणा की किरण बना हुआ है।मौके पर मंदीप राय, निखिल बरनवाल, कृष्णा अग्रवाल, ओंकार कुमार, मुखिया – राजेश पांडेय, सरपंच – दीपक तिवारी, वार्ड सदस्य – ललेश कु.मुखिया, प्रशुराम राम, संदीप कुमार, नीरज सिंह , चंदन निराला उपस्थित रहें।

मोतिहारी:इलेक्शन ड्यूटी में अब नहीं चलेगा बीमारी का बहाना, ऐसा करने पर दर्ज होगा एफआईआर

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। बिहार में सात चरण में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को मतदान होगा। मतदान शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य के कर्मचारियों को इलेक्शन ड्यूटी में लगाया गया है। इसको लेकर 20 अप्रैल को मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। मोतिहारी के राधाकृष्ण भवन में ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में सभी मतदान कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। ट्रेनिंग में शामिल नहीं होने वाले मतदान कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। बीमारी का बहाना बनाने वाले कर्मियों पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा। मोतिहारी डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि ट्रेनिंग में शामिल नहीं होने और वैध कारण नहीं बताने वाले कर्मचारियों पर केस दर्ज किया गया। यदि कोई मतदान कर्मी बीमारी के बहाना बनाता है तो उनका मेडिकल जांच होगा। इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। सिविल सर्जन और डीडीसी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम मतदान कर्मियों के हेल्थ की जांच करेगी। पिछले दिनों ट्रेनिंग में शामिल नहीं होने वाले मतदान कर्मियों का 20 अप्रैल को प्रशिक्षण में उपस्थित होना है। यदि इस दौरान वो उपस्थित नहीं हुए तो वैध कारण बताना होगा वर्ना कार्रवाई की जाएगी।

गायघाट में यात्री बस से शराब की बड़ी खेप किया बरामद भारी मात्रा में शराब और स्प्रिट किया जब्त

लोकतंत्र की आवाज

मैठी टोल प्लाजा के पास गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तक़रीबन 36 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया

दीपक कुमार
गायघाट। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम हाई अलर्ट पर है। लगातार मुजफ्फरपुर जिले में अवैध शराब और शराब तस्कर के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम को सबसे पहले कामयाबी तब हाथ लगी। जब दिल्ली से सुपौल जा रही एक यात्री बस में बने तहखाने से उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के गायाघाट थाना क्षेत्र के मैठी टोल प्लाजा के पास गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तक़रीबन 36 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया। साथ ही टीम के द्वारा तीन शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया।दूसरी कामयाबी उत्पाद विभाग की टीम को तब मिली। जब मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के लश्करी पुर में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने एक मिनी शराब फैक्ट्री का उद्वेदन करते हुए तकरीबन 280 लीटर स्प्रिट के साथ भारी मात्रा में शराब की खाली बोतले और कई अन्य सामान को बरामद किया। साथ ही टीम ने मुख्य स्प्रिट माफिया को भी मौके से धर दबोचा। जिससे पूछताछ कर टीम आगे की कारवाई में जुटी हुई है।

वही मामले की जानकारी देते हुए मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त विजय शेखर दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इन दिनो जिले के अलग–अलग जगहो पर मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा अवैध शराब और शराब कारोबारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहली कार्रवाई जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी टोल प्लाजा के पास की जहां दिल्ली से सुपौल जा रही एक यात्री बस में बने तहखाना से तकरीबन 36 कार्टून विदेशी शराब की बरामद की गई।साथ ही टीम ने तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है तो वहीं दूसरी कामयाबी टीम को तब हाथ लगी जब जिले के कांटी थाना क्षेत्र के लश्करीपुर में गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए एक मिनी शराब फैक्ट्री का उद्वेदन करते हुए मौके से तकरीबन 280 लीटर स्प्रिट भारी मात्रा में शराब की खाली बोतल और अन्य सामान को बरामद किया है। साथी मौके से मुख्य स्प्रिट कारोबारी को भी गिरफ्तार करने में टीम ने सफलता प्राप्त की है। वही गिरफ्तार सभी शराब कारोबारी को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

खाना बनाने के दौरान अचानक आग लगने से 40 घर जलकर खाक, दो घरों में थी शादी पीड़ित परिवार से मिले दिनेश अग्रवाल

लोकतंत्र की आवाज़

बगहा। प्रखण्ड बगहा एक के तेसरहिया बथवरिय पंचायत के बजार बथवारिय वार्ड संख्या 12 व 13 में सोमवार की देर रात में खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई। आग के लपटे इतनी तेज़ की धीरे धीरे आप पास के घरों को अपनी आगोश में ले लिया। स्थानीय लोगों के द्वारा फायर ब्रिगेड की टीम को सुचना देते हुऐ आग पर बुझाने लगे। सुचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पदाधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद यादव अपने टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने लगे। लेकीन आग को बुझाने के में असफल हो रहे थे। उसके बाद मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। दोनों टीमों के द्वारा काफी मुसक्ता के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड के टीम के द्वारा आग पर जब तक काबू पाया गया। तब तक 40 लोगों के घर जल चुके थे। बताते चलें की आग को मगंलवार की सुबह तक बोझाया गया है इससे पता चलता हैं की यह आग कितने लोगों को छाती पहुचाई है। बताया जा रहा है की 21 अप्रैल को हरि किशन यादव की बेटी शादी थीं जिसकी तैयारी लग भाग कर ली गईं थीं लेकीन अचानक आग लगने से घर में रखे सभी समान जल कर खाक हो गया। इसके अलावे 23 अप्रैल को धंधार यादव की पुत्री की शादी थीं वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने से किसी की जान तो नहीं गई लेकीन सब कुछ जल कर खाक हो गया। वहीं इस घटना की सुचना मिलते ही वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले और उनका हाल जाना। इसके साथ ही प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत सामग्री और मुआवजा देने मांगा किया।

भैसहिया गांव में आग लगने से लगभग चार दर्जन घर जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदाहा पंचायत स्थित नया टोला भैसहिया गांव में मंगलवार की दोपहर लगी आग में लगभग चार दर्जन घर जलकर राख हो गई है। वही हजारों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई है । मुखिया प्रतिनिधि छेदीलाल प्रसाद ने बताया कि मंगलवार की दोपहर सेमरा लबेदाहा पंचायत के नया टोला भैसहिया गांव में अचानक आग लग गई । जिसमें लगभग चार दर्जन घर जलकर राख हो गई है । इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत स्थानीय थाना को दिया गया है । उन्होंने बताया की आग लगने की सूचना मिलते ही पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के खड्डा थाना व स्थानीय थाने से आई अग्निशामक गाड़ी से आग बुझाने का काम किया जा रहा है । आग पर काबू पाने में ग्रामीणों सहित यूपी पुलिस की सराहनीय योगदान रहा है । अगर समय से यूपी से दमकल नहीं आई होती तो अग्नि पीड़ितों की संख्या काफी बढ़ सकती थी । वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है । वे स्वयं मौके पर जा रहे हैं । स्थिति का जायजा लेने के उपरांत तत्काल अग्नि पीड़ितों को राहत मुहैया कराने का कार्य किया जाएगा ।

चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के दिन मदनपुर देवी स्थान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जय माता दी के जयघोष से गुंजयमान रहा देवी स्थान

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
सोमवार की अहले सुबह एएसपी अभियान द्विवेश कुमार मिश्रा पुलिस बलों के साथ मदनपुर देवी स्थान परिसर में विधि व्यवस्था का लिया जायजाबगहा।चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन बगहा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा।चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन आदी शक्ति मां भवानी की सप्तम रूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती हैं।वही सोमवार को चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन अहले सुबह से मदनपुर देवी स्थान में पूजा–अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ने लगा। जो दोपहर बाद तक जारी रही।जो हाथ में पूजा की डाली लिए श्रद्धालु देवी स्थान की ओर जा रहे थे। मदनपुर देवी स्थान के पुजारी ने बारी– बारी से सभी महिलाओं के प्रसाद को मां के चरणों में अर्पित किया तपश्चात उन्हें प्रसाद दिया।

मां के दर्शन के बाद मदनपुर देवी स्थान का श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे थे। इसके बाद मंदिर के बाहर स्थापित पत्थर पर नारियल फोड़ कर वहां उपस्थित पंडितों से अपने हाथ में रक्षासूत्र बंधवा रहे थे और माथा पर तिलक करा रहे थे।सुरक्षा के दृष्टिकोण से मदनपुर देवी स्थान परिसर और मंदिर के बाहर पुलिस फोर्स भी तैनात रहे।

चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन मदनपुर देवी स्थान परिसर में श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए छोटे,बड़े गाड़ियों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया। श्रद्धालुओ को प्रवेश द्वार से पैदल मदनपुर देवी स्थान जाना पड़ा साथ ही अहले सुबह बगहा पुलिस जिला के एएसपी अभियान द्विवेश कुमार मिश्रा पुलिस बलों के साथ मदनपुर देवी स्थान परिसर के चारों तरफ विधि व्यवस्था का विधिवत जायजा लिया और स्थानीय थाने की पुलिस को सुरक्षा के मद्देनजर संवदेनशील जगहों पर तैनात रहने और देवी स्थान मंदिर में अलर्ट रहने की सख्त हिदायत दिए गए। एएसपी अभियान ने कहा कि मदनपुर देवी स्थान परिसर में किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी हो तो 112 नंबर डायल करे या स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित करें ताकि उचित कारवाई किया जा सकें। चैत्र नवरात्रि को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बगहा पुलिस कटिबद्ध हैं। इस दौरान माहौल बिगाड़ने वाले या असामाजिक तत्वों को बक्शा नहीं जायेगा। वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।प आपको बता दें कि हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक चलने वाले चैत्र नवरात्र का खास महत्व है। धर्मग्रंथों, पुराणों के अनुसार चैत्र नवरात्र का समय बहुत ही भाग्यशाली बताया गया है। ऐसे समय में मां भगवती की पूजा कर उनसे सुख,शांति,समृद्धि की कामना करना बहुत ही शुभ माना गया है। क्योंकि बसंत ऋतु अपने चरम पर होती है। इसलिए इसे वासंतिक नवरात्र भी कहा जाता है। इसी नवरात्र में साधु संतों द्वारा सिद्धी व शक्ति के लिए धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।वही बगहा के विश्वंभर नाथ मंदिर, मां दुर्गा स्थान, मां काली मंदिर,शायरी स्थान, बटेसरा स्थान पर स्थित देवी मां की पूजा अर्चना करने के लिए भीड़ काफी बढ़ गई है। क्षेत्र के प्रत्येक मंदिर जाने वाले रास्ते पर श्रद्धालु ही दिखाई दे रहे हैं। इसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक दिख रही है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक–एक वोट महत्वपूर्ण है, सभी मतदाता मतदान अवश्य करें : रोनाल्ड कुँअर सिंह

लोकतंत्र की आवाज

बगहा। लोक सभा आम निर्वाचन में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें, इसके लिए विद्यालय स्तर पर कई प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज संत लौरेंस स्कूल, चुहड़ी में छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रोनाल्ड कुँअर सिंह ने कहा लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक, मतदाता को जागरूक होना चाहिए, और मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग जरूर करनी चाहिए। विशेषकर युवा वोटरों को आगे आना चाहिए और यह समझना चाहिए कि एक–एक वोट काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए वे स्वयं मतदान करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। 25 मई को सभी मतदाता मतदान करें इसके लिए विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं और छात्र– छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।आज छात्राओं के बीच मेहंदी से लिखकर मतदान करने का संदेश दिया।

वही कार्यक्रम में उपस्थित जिला स्वीप कोषांग की सदस्या सुश्री मेरी आडलीन ने बताया कि विद्यालय के छात्र–छात्राओं को मतदान के बारे में बताया गया और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने अभिभावकों को मतदान के महत्व को अवश्य बताए, ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहें। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया और कहा कि हमलोग अपने घर के सभी वोटरों और आस–पास के पड़ोसियों को भी मतदान के लिए अवश्य जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में जिला स्वीप कोषांग के सदस्य उत्तम सिंह, शशिकांत, रानी कुमारी सहित विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, अन्नू कुमारी, संजय सर, अखिलेश कुमार एवं अन्य उपस्थित हुए।

दो पक्षों की हुई मारपीट में कई लोग जख्मी, तीन आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी।वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा धनहा टोला गांव निवासी मुन्नी देवी पति मनोज चौधरी ने वाल्मीकि नगर थाने में आवेदन देकर अपने ही टोला के 10 लोगों के विरुद्ध मारपीट करने व बुरी तरह से जख्मी कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने अपने आवेदन में लिखा है,कि 15 अप्रैल दिन सोमवार की देर शाम को झाड़ू लगाने के क्रम में सूखा पत्ता पड़ोसी भोला धांगड के घर के तरफ जाने को लेकर भोला धांगड, संजय धांगड, नथुनी धांगड, रामवती देवी, विशाल कुमार, मुन्ना कुमार, देवंती देवी, ममता देवी, लालमोहन धांगड और कुंदन धाकड़ के द्वारा धारदार हथियार, लाठी, डंडा और फरसा से जान मारने की नीयत से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। शोरगुल सुनकर जब उसके देवर राजदेव चौधरी और ससुर रामवृक्ष चौधरी बीच बचाव को पहुंचे तो उन पर भी आरोपियों ने मारपीट करते हुए जख्मी कर दिया। जिसमें उसके देवर राजदेव चौधरी का सर फट गया और हाथ टूट गया। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची वाल्मीकि नगर पुलिस के द्वारा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।जहा डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर विकाश कुमार के द्वारा उपचार किया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में मुन्ना कुमार,विशाल कुमार और राजदेव चौधरी को हिरासत में ले लिया है।इस घटना में पीड़ित मुन्नी देवी,ससुर रामवृक्ष चौधरी और राजदेव चौधरी को गंभीर चोटे आई हैं ।जिनका उपचार जारी है।इस बाबत वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 35/24 दर्ज करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ज्ञात हो कि दूसरे पक्ष के द्वारा भी थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया जारी है।

गर्मी से व्याकुल बच्चे तपती धूप में पठन पाठन को मजबुर छात्र–छात्राएं

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
अप्रैल महीने में पड़ रही भीषण गर्मी से इंसान क्या पशु पक्षी जीव जंतु सभी व्याकुल हैं। सुबह 7 बजने के बाद ही दिन के तापमान में अतिशय वृद्धि दर्ज की जा रही है।भीषण गर्मी से खासकर बच्चे काफी व्याकुल दिख रहे हैं।थाना क्षेत्र के लगभग विद्यालयों में पठन पाठन मॉर्निंग कर दिया गया है। सरकारी विद्यालयों समेत कुछ निजी विद्यालयों में भी पठन पाठन को मॉर्निंग किया गया है। भरी दोपहरी में बच्चों को भीषण गर्मी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।भीषण गर्मी की चपेट में आकर बच्चे सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के तेजी से शिकार हो रहे हैं।

अभिभावकों ने वरीय अधिकारियों से सरकारी विद्यालयों समेत कुछ निजी विद्यालयों में पठन पाठन को मौसम परिवर्तन को देखते हुए समय में बदलाव की गुहार लगाई है।तेज भीषण गर्मी के कारण मुख्य तिरहुत कैनाल पूर्वी गंडक नहर में पानी सूख जाने के कारण पानी का जलस्तर नीचे चला गया है।लोगों के चापाकल में पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।वही छोटे–छोटे बच्चे भीषण गर्मी से बचने के लिए तेज दुपहरी में मुख्य तिरहुत नहर के तलहटी में जमा गंदे पानी में बच्चों के गर्मी से राहत पाने के लिए अठखेलियां करने का खेल शुरु हो चुका है। बच्चे घुटनों से नीचे नहर में पानी में भीषण गर्मी से बचने के लिए अठखेलियां करने को मजबूर हैं। बच्चे पूरे दिन गर्मी से राहत पाने के लिए घुटनों तक के नहर में जमे हुए पानी में नहाने में लगे हुए हैं।

मुम्बई सीने स्टार सलमान खान के बंगले पर गोली चलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा / मुम्बई बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बंगले पर रविवार को सुबह 4:35 फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस के क्राइम ब्रांच ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों शूटरो को गुजरात के कच्छ शहर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनो अपराधी पश्चिम चंपारण जिला के गौनाहा थाना क्षेत्र के मझरिया पंचायत मसई गांव के निवासी हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की पुलिस ने साहब साह के पुत्र विक्की कुमार गुप्ता व योगेंद्र पाल का पुत्र सागर कुमार को गुजरात के कच्छ शहर से गिरफ्तार किया है। इधर सोमवार की रात्रि मुंबई पुलिस ने गौनाहा पुलिस के सहयोग से विक्की कुमार गुप्ता के पिता साहब साह, सागर कुमार के भाई राहुल कुमार तथा आशीष कुमार चौहान के पिता अमेरिका महतो को पूछताछ हेतु हिरासत में लेकर गौनाहा थाना लाए गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की रात्रि में छापेमारी दल में गौनाहा, सहोदरा व मटियरिया पुलिस के साथ शिकारपुर डीएसपी व मुंबई पुलिस शामिल थी। यह घटना पूरे प्रखंड में आग की तरफ फैल गई है। मसई गांव के ग्रामीण हरेराम साह,दरोगा साह, मुखिया प्रतिनिधि सोवालाल महतो ने बताया कि उक्त युवकों का मसई में कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। गौनाहा थाना में भी इन यूवको पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। विक्की कुमार की उम्र 24 वर्ष है। उसकी पत्नी का नाम खुशबू कुमारी है। विक्की को एक लड़का तथा एक लड़की है। सागर कुमार अविवाहित है तथा उसकी उम्र 20 वर्ष है। दोनों होली के दो चार रोज बाद एक ही एक साथ मुंबई कमाने के लिए चले गए। कतिपय लोग बताते हैं कि वहां जाकर दोनों अपराधी गिरोह के चंगुल में फंस कर सिने अभिनेता सलमान खान के बंगले पर फायरिंग की है। वही आशीष कुमार चौहान की पत्नी नीतू देवी का कहना है कि मेरे पति की उम्र 20 वर्ष है। मुझे एक तीन साल का लड़का तथा एक डेढ़ साल की लड़की है। आशीष कुमार चौहान के पिता अमेरिका महतो से गौनाहा पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। विदित हो की गिरफ्तार विक्की कुमार तथा सागर कुमार के मोबाइल से आशीष कुमार चौहान से बात हुई थी। इसी निशानदेही पर आशीष कुमार के पिता अमेरिका महतो को हिरासत में लिया गया था। आशीष की पत्नी नीतू देवी का कहना है कि मेरे पति गोरखपुर मजदूरी करने गए हैं। वहां वे सरिया का काम करते हैं। गिरफ्तार दोनों युवको से मेरे पति का कोई लेना देना नहीं है। मेरे पति कम पढ़े लिखे हैं, जो बाहर जाकर मजदूरी करते हैं। गिरफ्तार विक्की कुमार आठवां पास तथा सागर कुमार नॉन मैट्रिक जबकि आशीष कुमार चौहान सातवां पास है। वही इस खबर को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

संक्षिप्त खबरें ।

गायघाट में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार,गायघाट। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन गायघाट विधान सभा क्षेत्र की बैठक जदयू कार्यालय गायघाट मे जदयू विधान सभा प्रभारी मनोज झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दिनांक 23 अप्रैल को गायघाट विधान सभा क्षेत्र के एन डी ए कार्यकर्ताओ की बैठक का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जदयू नेता प्रभात किरण, गायघाट जदयू अध्यक्ष लाल बाबू सहनी, बंदरा अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, कटरा अध्यक्ष मो इफ्तेखार आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश गामी, मंडल अध्यक्ष विपिन सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, भाजपा नेत्री रानी सिंह, युवा नेता गौरव कुमार,मनीष कुमार यादव, राणा रणधीर सिंह , युवा जदयू अध्यक्ष राजा यादव, बरूण कुमार, मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे

एकमा: बाइक दुर्घटना में तीन सवार घायल

लोकतंत्र की आवाज

एकमा। (सारण)। एकमा-सहाजितपुर सड़क पर हुस्सेपुर गांव के समीप बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट जाने से बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार बाइक पर सवार होकर तीन युवक परसागढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गये। बताया जाता है कि घायलों का उपचार निजी अस्पताल में कराया गय।

कथा श्रवण से होती है ज्ञान की प्राप्ति : धीरूभाई

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड के बरनैया गोखुल राजाराम में महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक धीरूभाई के प्रवचन सुनने के लिए आसपास के गांवों से लोग पहुंच रहे हैं। मंगलवार को कथा वाचन करते हुए धीरूभाई ने कहा कि जागरण व झांकी का हमारे धर्म से कोई लेना देना नहीं है। महायज्ञ में कथा का चुनाव सर्वोत्तम है। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कथा के माध्यम से किया जाना सर्वोत्तम है। कथा श्रवण से ज्ञान की प्राप्ति होती है। मन निर्मल होता है। कहा कि पुत्र तीन तरह के होते हैं। एक उत्तम पुत्र, दूसरा मध्यम पुत्र व तीसरे अधम पुत्र। उत्तम पुत्र वह है जो माता पिता की इच्छा को जान कर तुरंत वैसा व्यवहार करने लगे। मध्य पुत्र माता पिता के कहने के अनुसार कार्य करें। अधम पुत्र वह है जो माता पिता की बात को नहीं माने। माता-पिता का जो पुत्र प्रणाम नहीं करता है, उनके प्रणाम को भगवान भी स्वीकार नहीं करते। इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के साथ प्रभु का सतत स्मरण, सत्संग व कथा श्रवण करना चाहिए।

मनुष्य व समाज अपने संस्कृति से प्रेम व गर्व नहीं करता, वह समाज विकास नहीं कर सकता। मौके पर डॉक्टर नागेंद्र दुबे,अमरेन्द्र प्रधान,पंकज दुबे, उमेश प्रधान व धर्मेंद्र दूबे आदि श्रद्धालु थे।

चम्पारण सत्याग्रह स्मृति दिवस 15 अप्रैल को बहुचर्चित फिल्म चम्पारण सत्याग्रह का फाइनल पोस्टर दिल्ली में रिलीज

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। आज की युवा पीढ़ी चम्पारण सत्याग्रह को न के बराबर जानती है। उन्हें यह मालूम नहीं है कि उनके पूर्वजों ने कितनी कुर्बानियां दी है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहले असहयोग आंदोलन के रूप में ₹चम्पारण सत्याग्रह'' का नाम स्वर्णाक्षरों में उल्लेखित है। आज की युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने हेतु युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा ''चम्पारण सत्याग्रह'' नाम से भव्य फीचर फिल्म बनायी गई है, जिसमें भोजपुरी एवं हिन्दी फिल्मों के मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया है।

ज्ञात हो कि उक्त फिल्म सम्पूर्ण विश्व में चम्पारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराएगी। कल चम्पारण सत्याग्रह स्मृति दिवस 15 अप्रैल को बहुचर्चित फिल्म चम्पारण सत्याग्रह का फाइनल पोस्टर दिल्ली में रिलीज किया गया। युवराज मीडिया एण्ड इन्टरटेनमेंट द्वारा कॉरपोरेट रूप में बन रही इस फिल्म में सुप्रसिद्ध गाँधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित ₹चम्पारण में बापू₹ एवं डा. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित पुस्तक



₹चम्पारण सत्याग्रह गाथा₹ से संदर्भित है। युवा फिल्मकार ई. युवराज द्वारा निर्मित ₹चम्पारण सत्याग्रह₹ की परिकल्पना, कथानक, स्क्रिप्ट, संवाद, अभिनय एवं निर्देशन का जिम्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बिहार के चर्चित फिल्मकार डा. राजेश अस्थाना ने संभाला है। फिल्म में लगभग 168 कलाकारों ने डायलॉग के साथ अभिनय का जलवा बिखेरा है एवं 1000 जूनियर आर्टिस्ट के साथ-साथ बैल, घोड़ा और हाथी ने भी अभिनय किया है।

फिल्म की सह निर्मात्री डा. सीमा रानी, अस्मिता राज, अशोक सहनी व सुरभि श्रीवास्तव हैं, तो गीतकार चम्पारण के ही गीतों के राजकुमार की उपाधि से विभूषित पंडित अश्विनी कुमार आँसू एवं डा. राजेश अस्थाना हैं। संगीतकार स्नेहाशीष शिबू देब हैं। फिल्म में छायांकन अशोक माही, कास्टिंग डायरेक्टर शहजाद खान, बिजनेस हेड आकाश मित्तल, प्रोडक्शन हेड सम्राट, स्थिर छाया रिंकू गिरी का है, तो संपादन मुंबई में बिहार के चर्चित फिल्म संपादक कृष्ण मुरारी यादव, पोस्ट प्रोडक्शन जी फोकस स्टूडियो मुम्बई, डी आई संपादन राज मिनरुल, वीएफएक्स रितेश, क्रोमा रविन्द्र कुमार, श्री डी सुरेन्द्र पंडित, मिक्सिंग शाहनवाज़ एवं साउंड डिजाइन राजा यादव के हैं। वही बिजनेस हेड आकाश मित्तल, कला राज कुमार उपाध्याय, सहायक निर्देशक चन्दन झा, कंचन सिंह एवं बबिता श्रीवास्तव, फिल्म में स्पॉट गोलू ठाकुर, दिनेश पासवान एवं रंजन कुमार, प्रोडक्शन कंट्रोलर राम मणि एवं चंदेश्वर, रूप सज्जा माइकल तथा श्वेता राज का है।

अवकाश प्राप्त शिक्षिका के द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पति के द्वारा स्कूल के बच्चों को काफी कलाम एवं बिस्किट वितरण किया गया!

लोकतंत्र की आवाज

रौशन सिंह

विभूतिपुर। प्रखंड के भुसवर पंचायत के मध्य विद्यालय शाहपुर बसोना से अवकाश प्राप्त शिक्षिका विमला देवी के द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पति के द्वारा स्कूल में बच्चों के बीच काफी कलाम एवं बिस्किट वितरण किया गया!

मौके पर पहुंचे भूसवर पंचायत के पूर्व सरपंच अनिल कुमार सिंह प्रधानाध्यापक सुरेश दास अवकाश प्राप्त स्टेशन मास्टर श्री हरि कृष्ण प्रसाद सिंह सेवानिवृत शिक्षक राम पदारथ राकेश डॉ लक्ष्मण महतो सेवानिवृत शिक्षक महेश्वर प्रसाद रामदेव प्रसाद ग्रामीण राजेंद्र महतो ग्रामीण अमरेश महतो ग्रामीण अशोक कुमार महतो एवं चंदन कुमार अमरेश पासवान संजीव कुमार मीना कुमारी बिंदी कुमारी सना समरीन कुंदन कुमार प्रियंका राय पूनम कुमारी दिव्यांशु से श्वेता कुमारी रंजीत कुमार मंजू कुमारी कोमल कुमारी सुधीर कुमार मनीष कुमार रजक उपस्थित थे और उनके पति के द्वारा कहा गया कि विमला देवी अपने सेवा काल में समय की महत्व को विशेष रूप से समझते थे एवं बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए हर समय चिंतित रहते थे एवं प्रयासरत थे और अपने सेवा काल में सदा जुझारू बने रहे!

भुसवर में लगी आग से 13 घर जलकर हुए राख

- मौके पर पहुंची अग्निशमन बल बहुत मशक्कत कर आग पर पाई काबू!

लोकतंत्र की आवाज

रौशन सिंह

विभूतिपुर। प्रखंड के भुसवर पंचायत के वार्ड नंबर 5 में लगी आग जिसमें तकरीबन 13 घर जलकर राख हो गई! अग्निशामक बल के बहुत मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया मौके पर प्रखंड प्रमुख पति दिलीप नारायण सिंह पहुंचे और पीड़ितों को अपने निजी कोस से 5-5सौ रुपया सहायता राशि दिए!

मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी श्री रणधीर कुमार रमन एवं विभूतिपुर थाना से एस आई विमल कुमार भी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तेरह पीड़ित जिनका घर जला मोहम्मद लाल बाबू शाह मोहम्मद अनवर मोहम्मद कलाम मोहम्मद तसलीम मोहम्मद असगर शाह मोहम्मद अख्तर शाह मोहम्मद शमशेर शाह मोहम्मद अकबर मोहम्मद नईम शाह मोहम्मद फिरोज शाह मोहम्मद अफरोज शाह मोहम्मद गुड्डू शाह मोहम्मद मोइन शाह जिनका घर पूर्ण रूप से जल कर राख हो गई! जिसमें चार बकरी एवं एक गाय के बच्चा और एक आदमी भी झुलस गया झुलसा हुए आदमी को पीएससी विभूतिपुर भेज दिया गया जहां उनकी इलाज चल रही है! वही रणधीर कुमार रमन अंचलाधिकारी के द्वारा पीड़ित परिवार को तत्काल ट्रिपाल दी गई! और उन्होंने आश्वासन दिया कि कल आप लोग आकर जिया राशि की चेक ले ले और आश्वासन दिया कि जहां तक हो सकेगा आपको सरकारी सहायता जल्द से जल्द दिलवाई जाएगी!

सम्राट अशोक की जयंती समारोह पूर्वक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के मोरवा प्रखंड अंतर्गत लसकारा गाँव में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले रालोमो के जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के अध्यक्षता सम्राट अशोक जी का जयंती धूम धाम से मनाया गया।

समारोह मे सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि सम्राट अशोक अखंड भारत के निर्माता ही नही देश के सच्चे सिपाही भी थे। जिनके शासन काल मे मुग़ल और अंग्रेज भारत आने से डरते थे। हमारा देश सोने कि चिड़िया कहलाती थी। उनका प्रतीक चिन्ह अशोक चक्र आज भी हमारे देश के झंडा मे विराजमान है।

मौक़े पर विभा देवी पूर्व जिला पार्षद, मसूद जावेद सैयद, मनोज राम,

मो बशीर, पूर्व मुखिया नागो राम, बलराम कुशवाहा, अजय कुमार कुशवाहा, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, संजय चौधरी निषाद, दिलीप गुप्ता, सुरेश कुमार राम, शिवनन्दन राम, सुरेश राम, रामवरण राम, संजय कुमार, रंजीत कुमार राय, अरुण सिंह, इंदल चौधरी, फुलेन्द्र चौधरी, सीताराम चौधरी, संघर्ष कुमार प्रियांशु कुमारी, मनीषा सहित दर्ज़नों समाजसेवी एवं रालोमो कार्यकर्त्ता सहित अन्य लोगा उपस्थित थे।

वैश्य समाज ने बैठक कर एन डी ए के पक्ष में मतदान करने का लिया निर्णय

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के शौंडिक धर्मशाला मे वैश्य समाज का बैठक आयोजित की गयी ।अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र कुमार गुप्ता एवं संचालन महेन्द्र प्रसाद ने किया।वैश्य समाज के वरीय सह लोजपा नेता प्रकाश चन्द्रा को रफीगंज बस स्टैंड में प्रखंड संयोजक शंकर शौंडिक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप कुमार उर्फ कारू प्रसाद के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

प्रकाश चन्द्रा ने उपस्थित वैश्य समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समाज को राजनीतिक मे हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है।उन्होने समाज के लोगो को एन डी ए के प्रत्याशी को समर्थन देने को कहा।और हर बुथ पर अपना मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन है 'सबका साथ,सबका विकास'है और मै इसी को अपनाया हूं। संजय योगी एवं राजू गुप्ता ने कहा कि जो हमारे समाज के विकास और मान-सम्मान का काम करेगे उनका साथ देगें।संगीता प्रसाद,नगर अध्यक्ष संतोष साव,महेन्द्र प्रसाद,पपू गूप्ता सहित समाज के कई लोगों ने अपना-अपना विचार देते हुये एन डी ए प्रत्याशी के पक्ष में मत देने का निर्णय लिया।धन्यवाद ज्ञापन दिलीप किमार उर्फ कारू ने किया।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला मिडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, लोजपा नेता राजेश पासवान, शिवनरायण साव, आशुतोष राणा, विनोद कुमार,

शुभम सिंह, मुखिया विजय सिंह एवं प्रदीप शौंडिक उर्फ बाबू, अशोक प्रसाद, अरविंद शौण्डिक, बालगोविंद प्रसाद अशोक प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, हरिओम ,किशोरी मिस्त्री, बिनय कुमार, जितेन्द्र कुमार, रविशंकर, राज कुमार सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

विश्व प्रतापी संत सम्राट थे अशोक प्राचार्य अनिल कुमार उर्फ़ रश्मि

लोक तंत्र की आवाज

पटना, सुधांशू रंजन। सम्राट अशोक वैश्विक स्तर के केवल चक्रवर्ती सम्राट ही नहीं थे वल्की उनके विचार, चिंतन में संत की आभा झलकती थी क युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति सम्वेदनाएं उनके हृदय पटल पर उन्हें झकझोरती थी और यही वजह थी कि उन्होनें आत्म-शांति के लिए बौद्ध धर्म को स्वीकार किया और इसके प्रचार प्रसार में संत की भांति अपना जीवन समर्पित कर दिया।

उन्होंनें प्रजाहित में अनेकों कार्य किए राष्ट्र -धर्म उनके लिए सर्वोपरि था क उनके ऐसे उत्कृष्ट जीवन-आदर्श को छात्रों को आत्मसात करना चाहिए क ये मनःउद्गार आज मोकामा स्थित राजकीयकृत मुसददीलाल आर्य कन्या विद्यालय में चक्रवर्ती अशोक सम्राट की जयंती पर कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए प्राचार्य अनिल कुमार उर्फ़ रश्मि ने कही पूर्व प्रभारी प्राचार्य अभिमन्यु कुमार कार्यक्रम संयोजक थे संजीव कुमार, चंदन सौरभ, बाबली कुमारी, दिलेस्वर कोड़ा और छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।

रामनवमी के पूर्व संध्या के अवसर पर विषेश पूजा एवं जागरण का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

गया । चांदचोरा स्थित दुर्गा माता मंदीर (अखाड़ा) परिसर में चैत्र नवरात्र के अष्टमी एवं रामनवमी के पूर्व संध्या के अवसर पर विषेश पूजा एवं जागरण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मंदीर के पुजारी नारायण शास्त्री, नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई,, बबलू गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चैत्र नवरात्रि हिन्दू समाज का सबसे बड़ा पर्व है जिसमें असत्य पर सत्य की बिजय के साथ ही भारत के आर्दश पूरुष भगवान् राम जी का जन्म दिवस के साथ साथ नववर्ष भी आता है।ओर सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं एवं वधाई दिया गया है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी आयोजित किया गया है। उपस्थित श्रदालुओं एवं अतिथियों द्वारा दुर्गा माता जी के आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

अश्विनी चौबे की नाराजगी दूर, पीएम मोदी ने की बात, गया में मंच पर पशुपति पारस को हटाकर बगल की कुर्सी में बिठाया, पीठ थपथपाई

लोकतंत्र की आवाज

दुर्गेश नंदिनी

गया (बिहार)। पीएम मोदी ने टिकट कटने से नाराज चल रहे बीजेपी सांसद अश्विनी चौबे की नाराजगी दूर करते दिखाई दिए। मंगलवार को प्रधानमंत्री जैसे ही गया के गांधी मैदान में सभा के लिए पहुंचे पहले बीजेपी नेताओं ने उनका स्वागत किया। थोड़ी देर बाद पीएम कुर्सी पर बैठे पशुपति पारस को हटाकर पीएम मोदी ने अपने बगल में अश्विनी चौबे को कुर्सी पर बैठाया। कुछ बातचीत की, अश्विनी चौबे की पीठ थपथपाई। फिर पशुपति पारस ने अश्विनी चौबे से बात करके कुर्सी बदल ली। पीएम मोदी के बगल में वापस बैठ गए।

बता दें कि बक्सर से सांसद अश्विनी

चौबे का टिकट कट गया और वहां से भाजपा ने मिथिलेश तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, अश्विनी चौबे की नाराजगी की खबरें सामने आने लगीं और उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बक्सर में ही रहेंगे। उनका यह बयान उनके बागी तेवर की ओर इशारा कर रहा था, लेकिन, पीएम मोदी के मंच पर मौजूद रहकर अश्विनी चौबे ने साफ कर दिया कि वह पीएम मोदी का साथ नहीं छोड़ने वाले।बक्सर से बीजेपी के प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने कहा कि अश्विनी जी बड़े नेता हैं, मेरे बड़े भाई हैं। उनके बयान पर मेरी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। यहां से वे लड़ें या मैं एक ही बात है। शायद इसी संदर्भ में उन्होंने ये बातें कही हैं।

कुछ दिन पहले केंद्रीय राज्य मंत्री और बक्सर से बीजेपी सांसद अश्विनी चौबे का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वो कहते दिख रहे हैं कि बक्सर में मैं ही रहूंगा। अभी नामांकन बाकी है। बहुत कुछ होने वाला है। किसने क्या समझा, नहीं समझा मुझे पता नहीं, लेकिन हां कुछ षड्यंत्रकारी थे जो चुनाव के बाद नंगे होंगे। जो भी होगा मंगलमय होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे बिहार के बक्सर से लगातार 2 बार सांसद रहे हैं, लेकिन बीजेपी ने इस बार अश्विनी चौबे का टिकट काटकर मिथिलेश तिवारी को टिकट दिया है।

संक्षिप्त खबरें ।

इंडी गठबंधन के सभी घटक दलो के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक में शहनवाज आलम को सांसद बनाने का लिया शपथ:विकास यादव

लोक तंत्र की आवाज़
सिकटी। गांधी चौक बरदाहा सिकटी मे इंडी गठबंधन के सभी घटक दलो के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक राजद प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव की अध्यक्षता मे आहुत की गयी , जिसमे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंधित विस्तार से विचार विमर्श की गयी।राजद प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि अररिया लोकसभा क्षेत्र से राजद पार्टी ने अपना उम्मीदवार भाई शहनवाज आलम को बनाया है जिसमे सभी मिलकर जोर शोर से प्रचार प्रसार करेंगे और भाई शहनवाज आलम को भारी मतों से जीतकर लोकसभा भेजने का काम करेंगे , साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा की शहनवाज आलम जी दिनांक 18 अप्रैल 2024 को नामांकन दाखिल करेंगे जिसमे इन्डिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या मे अवश्य शामिल होंगे , वही इस बैठक मे विकास यादव – प्रखंड अध्यक्ष सिकटी, प्रभाष यादव राजद महासचिव सिकटी, रंधीर कुमार – भीआईपी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अररिया, बबलू यादव – युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष सिकटी, प्रिंस कुमार यादव – मिडिया सेल प्रभारी सिकटी, मुरली माही – कला संगीत जिला अध्यक्ष , रंजीत यादव– युवा राजद प्रखंड उपाध्यक्ष, बुद्धि प्रकाश माझी – भी०आईं०पी० पार्टी प्रखंड अध्यक्ष सिकटी, मो० बेचन– आम आदमी पार्टी प्रभारी सिकटी, विकास प्रसाद विश्वास– राजद जिला सचिव, मनोज कुमार पंजियार–कांग्रेस जिला डेलीगेट, उमानन्द मंडल– कांग्रेस नेता सिकटी, राहुल यादव, अमीत यादव सहित सैकड़ों की संख्या मे इन्डिया गठबंधन के कार्यकर्ता गन मौजूद रहे ।

आपसी रंजिश में वृद्ध महिला के साथ किया मारपीट

लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय थाना क्षेत्र के मनौरी गांव में बीते दिनों गेहूं का भूसा रखने को लेकर हुई मारपीट में एक वृद्ध महिला शोभा देवी को गंभीर रूप से जख्मी करने का एक मामला सामने आया है। जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए पीएचसी सोनवर्षा ले जाया गया। जहाँ स्थिति चिंता जनक देख चिकित्सक ने समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। मारपीट की घटना के बाबत मनौरी गांव निवासी रविन्द्र साह ने सोनवर्षा राज थाना में आवेदन देकर उक्त गांव के ही अलोधनी देवी राजकुमार साह, सुनिता देवी, सुमित कुमार व संतोष कुमार पर जबरन मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन के अनुसार निजी जमीन में बने भूसखार में गेहूं का भूसा रखने के दौरान उपरोक्त सभी व्यक्ति नाजायज मजमा बनाकर वृद्ध महिला के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उसके उपरांत उसके दस कट्ठा खेत में लगे आम के पौधे को भी काटकर बर्बाद कर दिया। घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने दाखिल किया नामांकन नामांकन सह संकल्प सभा में पहुंचे एनडीए के दिग्गज नेता

लोक तंत्र की आवाज

अररिया। अररिया लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। मंगलवार को अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने नामांकन किया।शिवपुरी वार्ड संख्या–9 स्थित खेल मैदान में आयोजित नामांकन व संकल्प सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा,पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई अन्य नेता ने संकल्प सभा को संबोधित किया और अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने मिशन विकसित अररिया संकल्प हेतु विशाल जनसभा को संबोधित किया । एनडीए घटक दलों के सांगठनिक पदाधिकारी ने उपस्थित होकर इस सभा के माध्यम से एनडीए और अररिया संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को अधिक से अधिक वोटों की अंतर से जीत दिलाने की लोगों से अपील की। वही इस सभा में सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, फारबिसगंज विद्यासागर केशरी, नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, रानीगंज विधायक अचमीत ऋषिदेव, रानीगंज विधानसभा के प्रदेश प्रभारी बरूण सिंह समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के सभी जिला पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रदीप कुमार सिंह को अपना आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुए।

संकल्प सभा में उपस्थित राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जिस संकल्प और उम्मीद के साथ पिछली बार आप अररिया की जनता ने कमल के बटन दबाकर प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी का हाथ मजबूत किया और इन्हें सदन में भेजा। उसी प्रकार आज आपलोगों से आग्रह करने आया हूँ की इस बार पुनः अररिया से प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी हाथ मजबूत करें और विकसित अररिया निर्माण के संकल्पों को साकार करें। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा की आपलोगों की भीड़ और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि अररिया के लोगों ने प्रदीप कुमार सिंह को पुनः अपना सांसद बनाने का ठान लिया है। इन्होंने आगे कहा किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी को आप सभी की चिंता है। इन्होंने सभा मे उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि प्रदीप कुमार सिंह को आप सभी अररिया के साथी सदन में भेजेंगे तो जिस संकल्प के साथ प्रदीप जी आपलोगों की सेवा में लगे हुए वो इसे निरंतर आपलोगों की संकल्प को पूरा कर पाएंगे।

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से अररिया की जनता लंबे समय से प्रदीप कुमार सिंह को जिताती रही है, इस भीड़ और उत्साह देखकर लग रहा है की इसबार आप सभी अररिया के लोग पुनः प्रदीप कुमार सिंह जी को वोटों के भारी अंतर से जीत दिलवाएंगे। चिराग पासवान ने विशाल जन सभा में उपस्थित लोगों से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में अपना समर्थन देकर सदन में भेजने की अपील की ।

- प्रदीप कुमार सिंह को समर्थन देकर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ करे मजबूतः सम्राट चौधरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में लोगों से वोट डालने की अपील करते हुए कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में गरीब एवं हर तबके के लोगों को ध्यान में रखते हुए संकल्प पत्र जारी की है। प्रधानमंत्री मोदी जी देश के हर व्यक्ति के लिए बहुत चिंतित है, मोदी जी के हाथ मजबूत करने और अररिया के बेहतर कल के लिए पुनः प्रदीप कुमार सिंह का समर्थन देने हुए अधिक से अधिक वोटों की अंतर से उन्हें जीत दिलाकर अपना सांसद प्रतिनधि चुने। इन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के योजनाओं से लोगों के अवगत कराते हुए कहा की आयुष्मान योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त में इलाज किया जा रहा है, गरीब कल्याण अन्न योजना लोगों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली गैस से महिलाओं को धुएं से निजात, युवाओ के लिए मुद्रा योजना, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना समेत कई अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश के एक एक व्यक्ति, हर वर्ग, हर तबके के लोगों के हित में काम कर रहें है।

इस नामांकन सभा की अध्यक्षता जिला जदयू के अध्यक्ष आशीष पटेल और मंच संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्यनारायण झा कर रहे थे। इसके अतिरिक्त भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सुराना, लोजपा(रा) जिलाध्यक्ष रणधीर पासवान, राष्ट्रीय लोकमोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मेहता, हम के जिलाध्यक्ष विष्णु ऋषिदेव, नरपतगंज के पूर्व विधायक देवयन्ती यादव, रानीगंज पूर्व विधायक परमानन्द ऋषिदेव, अररिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण झा, मधेपुरा से आई भाजपा नेत्री बुलबुल सिंह,जिला परिषद् प्रतिनिधि सह युवा भाजपा नेता अजीत झा,पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता मनोज सिंह, कृष्ण कुमार सेनानी, राजा मिश्रा, जिला भाजयुमो के अध्यक्ष जिप सदस्य आकाश राज, रोहित यादव, राजन तिवारी, संजय अकेला, रमेश सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के प्रादेशिक व जिला सांगठनिक पदाधिकारीयों के साथ सभा समापन के दौरान पूर्व मुखिया मनोज सिंह ने सभा में पहुंचे जनसैलाब को शुकिया अदा करते हुए संकल्प सभा के माध्यम से अररिया से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के समर्थन में लोगों से हजारों की संख्या में उपस्थित जनता एवं तमाम अररियावासियों से विजय दिलाने का अपील किया।

पूर्वी कोसी तटबंध के खोचरदेवा चेक पोस्ट पर दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सलखुआ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट बना कर आने – जाने वाले लोगों व वाहन पर पुलिस पैनी नजर रखी जा रही है। जांच के दौरान बाइक के डिक्की से 2.02 किलो अवैध गांजा बरामद कर बाइक जप्त करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया। एसएसटी चेक पोस्ट खोचरदेवा में तैनात पुलिस पदाधिकारी पुअनि प्रमोद सिंह व अन्य सशस्त्र बलों के सहयोग से अवैध मादक गांजे की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2.02 किलो गांजा सहित मोटरसाइकिल को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। पुअनि प्रमोद सिंह ने बताया कि एसएसटी चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार की चेकिंग करने पर अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान बख्तियारपुर थाना के कनरिया ओपी के सुखासन निवासी क्षत्री यादव के पुत्र कृष्णा राज के रूप में पहचान की गई है। चेक पोस्ट पथ तैनात पुलिस पदाधिकारी प्रमोद सिंह के व्यान पर सलखुआ थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जन संपर्क यात्रा के दौरान शाहनवाज आलम को मतदाताओं से मिल रहा पूरा सपोर्ट

लोक तंत्र की आवाज़
रानीगंज। आरजेडी कैंडिडेट पूर्व मंत्री सह राजद विधायक शाहनवाज आलम का जनसंपर्क अभियान जारी है। लोगों से मिलकर अररिया के विकास के लिए मतदान करने और राजद को जीताने की जहां वो अपील कर रहे हैं वहीं मतदाताओं का भी उन्हें अपार स्नेह मिल रहा है। राजद प्रत्याशी का नॉमिनेशन 18 को है। इसी कड़ी में सोमवार को अररिया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रानीगंज विधानसभा की महान जनता जनार्दन से मुलाकात किया एवं लोकसभा चुनाव में अररिया के विकास के लिए मतदान करने और राजद को जीताने की अपील की। लोगों ने कहा कि ई बेर राजद को हीं जिताएंगे....।

सहरसा के क्षेत्रो में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के साथ उनका सपना सकार करने हेतु समाज के उत्थान व कल्याण के लिए सर जमीन पर क्षेत्र में काम हम सबको मिलकर करना होगा

लोकतंत्र की आवाज

रंजीत सक्सेना
सहरसा संवादाता। बाबा साहब का सपना सकार करने के लिए सर जमीन पर उतरना होगा और क्षेत्र के लोगों का कल्याण व उत्थान के लिए कई कार्य कर जमीन पर दिखाई पड़ना चाहिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद बिहार सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवरसा प्रखंड के बेलैठा ग्राम ,अंबेडकर नगर में परिषद के सक्रिय जिला उपाध्यक्ष माननीय श्री कमलेशवरी पासवान जी के दरवाजे पर स्थापित बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेदकर जी 133 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री रत्नेश सादा जी भी सादर आमंत्रित थे ,साथ ही अध्यक्षता आप स्वयं माननीय श्री कमलेशवरी पासवान जी कर रहे थे ।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय श्री जय कान्त पासवान, से0 नि0, पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पूर्व प्राचार्य, सी टी ई सहरसा ,एवं माननीय श्री आनंदी राम से0 नि0 पूर्व प्रधानाध्यापक भी उपस्थित थे। साथ उक्त जयन्ती समारोह में सैकड़ों गणयमाण व्यक्तियों ने भाग लिये तथा बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर जी के अद्भुत व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले ।वास्तविक तौर पर भारतीय इतिहास में भगवान बुद्ध जी बाद बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर जी अद्वितीय महापुरुष युग–पुरुष, और मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अवतरित हुए थे ,आप बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर जी केवल स्वतंत्र भारत के एक संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के एक ख्याति सर्वाधिक डिग्रीया/उपाधियाँ प्राप्त, क़ानून विशेषग्य, संविधान विशेषग्य, भी थे ।जिन्होने भारतीयों के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सास्कृतिक दिशा एवं दशा में आमूल–चूल परिवर्तन ही कर गये ।

बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर जी एक निर्विवाद और सुलझे हुए बहुमुखी प्रतिभा के धनी मर्यादा पुरुषोत्तम थे ।उनके धनी व्यक्तित्वऔर कृतित्व की जितनी भी प्रंशसा की जाय कम है तथा सूर्य को दीया दिखाने के समान है। वास्तविक तौर पर यह कहा जा सकता है कि आप बाबा साहब आधुनिक भारत के निर्माता हैं। उक्त अवसर पर संबोधित करने वाले में प्रमुख रूप से सर्वश्री जय कान्त पासवान पूर्व प्राचार्य अध्यापक पासवान जी,श्री आनंदी राम पूर्व प्रधानाध्यापक ,श्री अमित कुमार रौशि, श्री तपेशवरी राम, श्री गुन्जन मिश्रा, श्री प्रमोद अंबेडकर, श्री विजय बहादुर पासवान जी, श्री राजेश पासवान जी, श्री अमरेश कुमार, सुश्री प्रतिभा कुमारी आदि के अलावा सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिये। साथ ही जय भीम के नारे भी लगाये।

अररिया : राजद से बागी प्रत्याशी होंगे पूर्व विधायक मुरलीधर मंडल के सुपुत्र शत्रुध्न प्रसाद मंडल

लोक तंत्र को आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा
अररिया। विधानसभा, लोकासभा से लेकर राष्ट्रपति पद तक के लिए ऑन लाईन नॉमिनेशन करने वाले वरीय अधिवक्ता इजहार आलम, मंडल बिरादरी से आने वाले राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, सिकटी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह वंचित मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिकटी के पूर्व विधायक स्वर्गीय मुरलीधर मंडल के सुपुत्र शत्रुध्न प्रसाद मंडल पार्टी टिकट से वंचित होने के कारण वे बागी प्रत्याशी के रूप में लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने नामांकन हेतु नाजीर रसीद भी कटा लिया है। इधर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे एआईएमआईएम जोकीहाट के प्रखंड अध्यक्ष मो. मिन्हाज आलम का चुनावी समर में कूदना तय है। कुल 20लोगों ने नॉमिनेशन के लिए एन आर कटा रखा है।

- एआईएमआईएम जोकीहाट के प्रखंड अध्यक्ष मो. मिन्हाज आलम, मो. शाहजहां शाद का चुनावी समर में कूदना तय

लोक सभा आम निर्वाचन – 2024 नामांकन हेतु नाजीर रसीद कटाने वालों में मुबिनुल हक, दुर्गापुर अररिया, मो. गफूर, जोगन्दर, महलगांव, इजहार आलम, मदनपुर, मो. मिन्हाज आलम, काशी बाड़ी, जोकीहाट, प्रदीप कुमार कमल, कमलपुर रानीगंज, मो. इस्माइल, परसाडांगी, जोकीहाट, राजेंद्र बेंगवानी, अररिया, मो. शाहजहां शाद,फारबिसगंज, सुनील कुमार सिंह, कमलपुर रानीगंज, शाहनवाज, सिसौना जोकीहाट, मो. गैसुल आजम, करहरा महलगांव, शत्रुघ्न प्रसाद मंडल, भुतहा सिकटी, मुकेश सिंह, गोपालपुर, रानीगंज, राजेश राम बेलसरा का नाम शामिल है। अखिलेश कुमार , मिल्की डुमरिया, नरपतगंज सुधीर कुमार दास, मिरदौल, मुश्ताक आलम, चंदरदेई, मो.शाहनवाज आलम, किरकिचिया, फारबिसगंज, मो. परवेज आलम, मटियारी रजोखर, मो.

बाइक से लगी ठोकर से घायल महिला की हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। काशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भस्ती शिव मंदिर के समीप बीते रविवार को हुई बाइक से टक्कर में जख्मी महिला की सोमवार को मौत हो गई। बता दें कि बीते रविवार सुबह करीब दस बजे भस्ती निवासी जोगेंद्र यादव की 55 वर्षीय पत्नी अनिता देवी घास काट कर वापस घर आ रही थी कि माली चौक की ओर से आ रही अनियंत्रित बाइक ने महिला को जोरदार धक्का मार दिया जिससे महिला जमीन पर गिर गई। आनन फानन में उसे सोनवर्षा राज पीएचसी ले गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें सहरसा रेफर कर दिया लेकिन हालात इतनी नाजुक थी कि सहरसा से भी उसे पटना रेफर कर दिया जहां सोमवार को पटना जाने के क्रम में महिला की मौत हो गई। हालांकि घटना में बाइक सवार थाना क्षेत्र के कोपा निवासी धनंजय रजक भी घायल हुआ है जो इलाजरत हैं। सोमवार शाम में शव के गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

सहरसा के क्षेत्रों मे 16 वर्षीय युवक की हत्या से चर्चाएं

लोकतंत्र की आवाज

देवेन्द्र कुमार
पतरघट सहरसा संवाददाता। पतरघट वार्ड 9 निवासी गोविंद कुमार 16 वर्ष पिता संजय शर्मा का सोमवार की रात गोली मारकर हत्या कर दिये जाने से परिजनों के बीच कोहराम मचा है। जम्हरा पंचायत के वार्ड 01 स्थित बिंदटोली अमृता नहर पर मंगलवार की सुबह शव मिलने से हत्या का पता चला। मृतक गोविंद को दो गोली लगी थीं। मृतक के घर से लगभग दो किलोमीटर दक्षिण बिंदटोली अमृता नहर पर मंगलवार की सुवह शव देखे जाने पर गोलीमार हत्या किये जाने की जानकारी हुई । घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर कागजी प्रक्रिया करते पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

लोगों के बीच लड़के का अपने साथियों के साथ आपसी बर्चस्व या कहीं प्रेम प्रसंग में हत्या होने की संभावना बताई जा रही है। मृतक गोविंद कुमार के परिजनों का कहना है कि गोविंद इस वार मैट्रिक द्वितीय श्रेणी से पास किया था। सोमवार के दिन अपने घर संजय शर्मा नहीं था। उनके पीछे में बाइक पर सवार दो लड़का आया। गोविंद को आवाज दिया। गोविंद घर से निकलकर गया। बाइक सवार ने गोविंद को बाइक पर लेकर कर निकल गया। जाते गोविंद का रिस्ते की चाची ने देखी। पिता संजय शर्मा रात में गोविंद को नहीं देख समझा कि उनका ही कुछ दुरी पर दुसरा घर है जहां सोया होगा। जब सवेरे अमृता नहर पर शव मिलने की चर्चा होते ही देखे जाने पर गोविंद का गोली मारकर हत्या किये जाने का मामला सामने आया। संजय शर्मा आपस में पांच भाई है। मां पिता मौजूद हैं।

संजय शर्मा को दो लड़का एवं एक लड़की में गोविंद बड़ा था। घर में दादा विशुनदेव शर्मा, दादी मनीषा देवी, पिता संजय शर्मा, मां सुलेखा देवी, भाई गौतम, बहन अंजली सहित चाचा चाची का रो–रोकर बुरा हाल है। लोगों ने परिजनों को ढ़ाढ़स बंधाते न्याय दिलवाने का भरोसा दिलाया है। थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने कहा कि हत्या के मामले में परिजनों द्वारा आवेदन दिये जाने उपरांत रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्वी कोसी तटबंध के खोचरदेवा चेक पोस्ट पर दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सलखुआ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट बना कर आने – जाने वाले लोगों व वाहन पर पुलिस पैनी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में सलखुआ थाना क्षेत्र के चानन पंचायत के खोचरदेवा कोसी बांध पर बने एसएसटी चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारी ने शक के आधार पर एक बाइक सवार युवक की जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान बाइक के डिक्की से 2.02 किलो अवैध गांजा बरामद कर बाइक जप्त करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया। एसएसटी चेक पोस्ट खोचरदेवा में तैनात पुलिस पदाधिकारी पुअनि प्रमोद सिंह व अन्य सशस्त्र बलों के सहयोग से अवैध मादक गांजे की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2.02 किलो गांजा सहित मोटरसाइकिल को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। पुअनि प्रमोद सिंह ने बताया कि एसएसटी चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार की चेकिंग करने पर अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान बख्तियारपुर थाना के कनरिया ओपी के सुखासन निवासी क्षत्री यादव के पुत्र कृष्णा राज के रूप में पहचान की गई है। चेक पोस्ट पथ तैनात पुलिस पदाधिकारी प्रमोद सिंह के व्यान पर सलखुआ थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आप सभी शाहनवाज हैं,आपके बिना मैं कुछ नहीं: शाहनवाज

लोक तंत्र की आवाज

डॉ.रुद्र वर्मा किंकर
सिसौना जोकीहाट। नगर पंचायत जोकीहाट स्थित सिसौना में मंगलवार को राजद महागठबंधन के जोकीहाट प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जोकीहाट व पलासी से कार्यकर्ता उपस्थित हुए। महागठबंधन प्रत्याशी शाहनवाज आलम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी शाहनवाज हैं। आपके बिना मैं कुछ नहीं। कल गुरूवार 18 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करना है इसलिए आप सभी को आमंत्रित करता हूं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी यादव ने हमारे जरिए आप सबों पर भरोसा जताया है। इसलिए यह चुनाव आम नहीं बल्कि खास है। हमें संयमित तरीके से समाज के सभी लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ना है।

- राजद उम्मीदवार ने महागठबंधन कार्यकर्ताओं से नामांकन समारोह में पहुंचने का किया आह्वान
- पूर्व मंत्री सह आर जे डी प्रत्याशी के घर सिसौना में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

अभद्र टिप्पणी और भाषा का प्रयोग किसी भी कार्यकर्ताओं को नहीं करना है। समारोह की अध्यक्षता दभड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया मयानंद यादव ने की जबकि मंच संचालन पलासी भीखा के युवा मुखिया आदिल रेजा ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने वालों में राजद प्रदेश महासचिव अरूण यादव, विधायक प्रतिनिधि रफीक आलम, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि परवेज आलम, मुखिया संघ अध्यक्ष शाहिद आलम, चंद्रकिशोर गुप्ता, पूर्व जिला पार्षद नौशाद आलम, दानिश बसीर, आदि शामिल हैं। वहीं सम्मेलन में संवेदक अनिल यादव, समाजसेवी मुर्शीद आलम, पथराबाडी मुखिया नन्हेराजा, पूर्व उपप्रमुख तारकेश्वर राय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शमी अब्दुल मन्नान, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरशद आलम, मुखिया अख्तर आलम, नगर पंचायत जोकीहाट के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि जावेद आलम, संतोष यादव, हाजी सरवर, मुखिया मुन्ना उर्फ कमरूल होदा, हसीबुर्रहमान, चंदेश्वर यादव, मौलवी नसीम, आफाक आलम, पंचायत समिति अय्यूब, पैक्स चैयरमेन शमशाद आलम, फिरोज समिति, मुखिया राजू यादव, लड्डन, विपीन ठाकुर, मुजाहिद मुखिया, समिति राजेश मिश्रा, अबुजर आलम, सैफुल हक, संजीर, पप्पू असरार, रंजीत यादव, नसर आलम, बिट्टू, सूरज यादव, प्रोफेसर अलीमुद्दीन, तहजीब, पूर्व मुखिया फारूक आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

रामनवमी को लेकर गिरिडीह पुलिस प्रशासन ने शहर में किया फ्लैग मार्च,तथा लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। रामनवमी को लेकर गिरिडीह पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर लगातार फ्लैग मार्च निकाली जा रही है और हर चौक चौराहे पर पुलिस वालों की तैनाती की गई है। वही जगह–जगह शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की जा रही है ,और इसी कड़ी में आज नगर थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद कर रहे थे ।बड़ा चौक से निकली यह फ्लैग मार्च शहर के पदम चौक, मुस्लिम बाजार ,आजाद नगर बीसी रोड ,कालीबाड़ी चौक, मकतपुर टावर चौक होते हुए वापस बड़ा चौक पहुंची। इस दौरान पूरे रास्ते में पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की गिरिडीह जनता से अपील की।
ड्रोन कैमरे की ली जा रही मदद: फ्लैग मार्च के दौरान पूरे रास्ते में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी पूरे शहर के छतों और खाली पड़े ग्राउंड की तस्वीर कैद की गई ड्रोन के मदद से यह देखा गया कि कहीं भी किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान या फिर ईटा ,पत्थर जमा तो करके नहीं रखा गया है जिन–जिन जगहों पर ड्रोन कैमरे में ईट, पत्थर के जमा होने की तस्वीर कैद हुई उसके मकान मालिक और लोगों को सभी ईट पत्थर हटाने का भी निर्देश दिया गया इस दौरान मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ,आलोक कुमार सिंह, निशि कुमारी सत्येंद्र कुमार पाल समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

नेपाल जाने के क्रम में एक व्यक्ति अचानक हुआ लापता

लोकतंत्र की आवाज
उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर गांव के एक 70 वर्षीय व्यक्ति मंगलवार को नेपाल जाने के क्रम में अचानक लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार चांदशहर निवासी ताजुल शेख (70) सोमवार को अपने पुत्र सलाउद्दीन शेख के साथ नेत्र जांच करवाने के लिए नेपाल के लिए निकला था। इस दौरान मंगलवार को 11 बजे नेपाल के जगमनी रेलवे स्टेशन पर दोनों पिता व पुत्र उतर गए। उसके पुत्र नेपाल जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। तभी बस में चढ़ने के दौरान उसके पिता ताजुल शेख अचानक कहीं लापता हो गया। काफी खोजबीन के दौरान भी उसका कुछ अता पता नहीं चल सका है। घटना को लेकर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।वही लापता व्यक्ति के परिजनों ने 6202305219 नंबर में सूचना देने वाले को उचित इनाम देने की बात कही है।

चैत्रअष्टमी पर सैकड़ो महिलाओ ने की पूजा अर्चना

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ
चतरा(झारखंड)। जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा देवी मंडप मे आज सुबह से ही भक्तो का ताता लगा रहा। स्थानीय महिलाओ और पुरुषों के साथ साथ आस पड़ोस के गांव की महिलाओ और युवतियों ने पूजा अर्चना की।पौराणिक कथाओं और पुराणों मे ऐसी मान्यता है की नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी का ध्यान–स्मरण, पूजन–आराधना भक्तों के लिए सर्वाधिक कल्याणकारी है। इनकी उपासना से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं, सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। और ऐसी मान्यता है की माता रानी के सभी स्वरूप पूरे नवरात्रि मे अपने भक्तो पे अपनी कृपा बरसाती है जिससे भक्त धन्य हो जाते है।

शांतिपूर्ण रामनवमी को लेकर घाटशिला पुलिस प्रशासन ने किया फ्लेग मार्च.

लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम
घाटशिला । शांतिपूर्ण रामनवमी को लेकर घाटशिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है ईसी को लेकर मंगलवार को एसडीओ सच्चिदानंद महतो एसडीपीओ अजीत कुजूर के निर्देशन में घाटशिला पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किया गया इस दौरान उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती यूनिका शर्मा अंचल अधिकारी निशांत अंबर घाटशिला थाना प्रभारी मंसूदन दे मऊभंडार ओपी प्रभारी गौतम कुमार न्यायिक दंडाधिकारी के साथ–साथ काफी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे फ्लैग मार्च के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने राज्य स्टेट से लेकर मऊभंडार तक पैदल ही मार्च किया इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया की सभी अखाड़ा समितियां को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए और उन्हें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वह अपने रूट के अनुसार ही चले उन्होंने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी बनाने की अपील की है।

नवरात्रा के महाष्टमी पर पूजी गई देवी बासंती, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज़

सुनील कुमार गुप्ता , चांडिल अनुमंडल सराइकेला खरसावां (झारखंड)। आज दिनांक 16 मार्च 2024 दिन मंगलवार , चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन महाष्टमी के अवसर पर मंगलवार को देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी के साथ आद्याशक्ति महामाया देवी दुर्गा की पूजा–अर्चना की ' चैत्र नवरात्र पर किए जाने वाले पूजा को बासंती पूजा के नाम से जाना जाता है '

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में दर्जनों स्थानों में देवी बासंती की पूजा बड़े धुमधाम के साथ की जाती है. महाष्टमी के अवसर पर अहले सुबह से ही श्रद्धालु देवी के मंदिरों में पहुंचने लगे थे ' सोमवार की शाम से ही महाष्टमी लगने के कारण लोग भोर से ही अष्टमी पूजा करने लगे थे ' इस दौरान देवी के भक्त माता की आराधना में लीन रहे ' श्री श्री मां बासंती पूजा समिति खूंटी की ओर से आयोजित बासंती पूजा उत्सव के मौके पर श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बड़े ही श्रद्धा पूर्वक से मां देवी की पूजा–अर्चना किए , और पुण्य के भागी बने ' भक्तों ने देवी की आराधना कर मां से अपनी – अपनी मन्नते भी मांगी '

भक्तिभाव से हुई मां बासंती देवी की संधि पूजा: चांडिल अनुमंडल अंतर्गत चांडिल, ईचागढ़, नीमडीह व कुकडू प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों स्थानों में बासंती पूजा के अवसर पर देवी की प्रतिमा स्थापित की जाती है ' ईचागढ प्रखंड के ईचागढ़, सोड़ो, नीमडीह प्रखंड के जांता, आदरडीह, चांडिल प्रखंड के खूंटी, डोबो समेत अन्य कई स्थानों में प्रतिमा स्थापित कर आराधना प्रारंभ किया गया ' इसके अलावा नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी पूजा–अर्चना किये '

इस दौरान श्रद्धालु उपवास व फलाहार पर रहे और पूजा–अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया ' चैत्र नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय व उत्साह का माहौल बना है ' वहीं मंगलवार की शाम महाष्टमी के समापन और महानवमी के प्रारंभ के समय संधि पूजा किया गया ' संधि पूजा के अवसर पर बलि देने की भी प्रथा है ' इस अवसर पर पूजा स्थलों में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी उमड़ रही है '

केडिया जन कल्याण ट्रस्ट ने विद्यालय प्रांगण में सह राहगीरों हेतु प्याऊ का निर्माण

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा(ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। गिरिडीह शहर अंतर्गत केडिया जन कल्याण ट्रस्ट के द्वारा गिरिडीह झंडा मैदान के सामने या यूं कहें सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में एवं उस राह से आने जाने वाले राहगिरो के लिये पीने का पानी यानी शीतल जल की सुविधा हेतु प्याऊका निर्माण कराया गया।

यह प्याऊ कुछ हटकर इसलिए है क्योंकि यह विद्यालय में विद्यालय की छात्रावास में रहने वाली छात्राओं तथा राह से आने जाने वाले लोगों हेतु एक साथ प्याऊका निर्माण जिसका एक दिशा स्कूल प्रांगण की तरफ दूसरा दिशा रोड की तरफ है। इसका संचालन मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह शाखा द्वारा किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि प्राप्त संगीत सम्राट पंडित शंभू दयाल केडिया जी द्वारा आज दिनांक 16 .4 .2024 दिन मंगलवार को संध्या 4:00 बजे स्कूल परिसर में इस जन कल्याणकारी प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया।

रामनवमी के शुभ अवसर पर शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

लोकतंत्र की आवाज
जादूगोड़ा । जादूगोड़ा में पुलिस प्रशासन पोटका सीईओ, वीडियो पोटका, पोटका थाना प्रभारी , कव्वाली थाना प्रभारी, मुसाबनी डीएसपी और जादूगोड़ा थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च निकाला एवं सभी अखाड़ा के प्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों समाजसेवी से अपील की रामनवमी जैसे पवित्र त्योहार को शांतिपूर्वक मनाया जाए ।

किसी भी तरह से शांति व्यवस्था को प्रभावित न किया जाए शांति व्यवस्था को लेकर ही प्रशासन के द्वारा जादूगोड़ा चौक से जादूगोड़ा थाना तक शांति फ्लैग मार्च निकाला गया। इस ब्लैक मार्च का प्रतिनिधित्व जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने किया ।

वीकेंड इन बुरुडीह के तहत प्रत्येक रविवार को जुट रहे युवा पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए घाटशिला के युवकों का एक बड़ा कदम

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम
घाटशिला । जब भी बुरुडीह डैम का नाम हमारे जेहन में आता है तो हम केवल और केवल बोटिंग के बारे में सोचते हैं लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा की विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर घाटशिला के मशहूर पर्यटक स्थल बुरुडीह डेम में अभियान की शुरुआत हुई कसीदा के कुछ युवाओं ने अब प्रत्येक रविवार की सुबह बुरुडीह डेम जाकर सुबह के सैर व वोटिंग का सामूहिक निर्णय लिया है जिसकी शुरुआत हो गई है

इसकी जानकारी देते हुए इस अनोखे कार्यक्रम की शुरुआत करने वाले प्रवीर ने बताया कि पहले वह अपने एक दोस्त के साथ प्रतिदिन सुबह 8 किलोमीटर की सैर करते थे बाद में

उन्होंने सोचा की क्यों ना इस रविवार को बुरुडीह डेम चला जाए इसके बाद वह यहां पहुंचे और अपने और कुछ दोस्तों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन बुरुडीह आने का आमंत्रण दिए देखते ही देखते दर्जन भर युवाओं की टीम बुरुडीह में तैयार हो गई फिर क्या था पहले वॉकिंग फिर रनिंग इसके बाद व्यायाम और फिर अंत में वोटिंग यानी रन एंड फन अभी जो लोग इस अभियान का हिस्सा है

उनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता काजल दान धनजी सिंह शिक्षक प्रताप अधिकारी के साथ–साथ

युवाओं को इसका मिल रहा लाभ

आशीष धल देवाशीष गोप सुजय दत्ता सुजल दत्ता शंकर दास सजल दे निरुप डे संजय डे सुखदेव अधिकारी शामिल है इस संबंध में आगे जानकारी देते हुए प्रवीर ने बताया कि उन्होंने अपने दोस्त आशीष के साथ मिलकर कसीदा से चेंगजोड़ा तक मॉर्निंग वॉक की शुरुआत की थी और इन दोनों ही दोस्तों के द्वारा बुरुडीह डेम का सफर तय किया गया प्रवीण का कहना है कि उनकी इच्छा है कि भविष्य में कुछ योग शिक्षक व खेल शिक्षक भी उनके अभियान से जुड़े इसके अलावा घाटशिला की बड़ी आबादी अपनी रविवार की सुबह बुरुडीह पहुंचे काफी संख्या में युवाओं ने इस सुबह के सैर कार्यक्रम में भाग लिया।

21 अप्रैल के उलगुलान रैली को लेकर झामुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह
पूर्वी सिंहभूम, घाटशिला। आगामी 21 अप्रैल को रांची में होने वाले इंडिया गठबंधन के उलगुलान रैली को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधानसभा स्तरीय बैठक मंगलवार को होटल जे एन पैलेस में विधायक रामदास सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस विधानसभा स्तरीय में सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वह अपने–अपने प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को रांची लेकर चलें इस दौरान घाटशिला विधानसभा से 5000 और जिले से 20000 कार्यकर्ताओं को रांची की उलगुलान रैली में ले जाने की योजना है इस मौके पर विधायक ने आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत काजल दान कान्हू सामंत सरवन कुमार अग्रवाल विक्रम टुडू प्रधान सोरेन अम्पा मुर्मू राजहंस मिश्रा दुर्गा मुर्मू करुणाकर महतो सुनाराम सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मतदान जागरूकता अभियान, शत प्रतिशत मतदान की मानव श्रृंखला का प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम
झारखंड
घाटशिला । संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान की सुनिश्चितता को लेकर विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किये। मंगलवार को विद्यालय परिसर में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 100% मतदान को अंकित किया गया। दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षिका श्रीमती आनंदिता दे तथा शिक्षक श्री सोमनाथ दे ने मतदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न बच्चों से पूछे जिसका बच्चों ने अपने विवेक और समझ से जवाब दिया ।

इस मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रशासिका श्रीमती शोभा गनेरीवाल ने

कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदान मौलिक अधिकार है और अठारह वर्ष व इससे अधिक आयुवर्ग के प्रत्येक नागरिक को इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा ने छात्रों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। उन्होंने घाटशिला प्रखंड व अनुमंडल प्रशासन से भी शत – प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के लिए आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, एकेडमिक इंचार्ज एस आर दत्ता, सह शैक्षणिक प्रभारी सास्वती रॉय पटनायक, प्राइमरी प्रभारी सुजाता वर्मा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष इंद्र कुमार राय, शारीरिक शिक्षा विभाग से सायंतन रे,विश्वजीत सीट व मौसमी बनर्जी उपस्थित थे। तकनीकी सहायक के रूप में श्री विद्युत वरण चंद्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

घाटशिला के जगरनाथपुर के हेंडलजुडी गांव में फ्री फुल बॉडी चैकअप कैंप आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह
पूर्वी सिंहभूम। घाटशिला के जगरनाथ पुर के हैंडलझुरी गांव में आज आंबेडकर जयंती के अवसर पर कीवा क्वांटम मैग्नेटिक एनलाइजर एवं बीएमआई अत्याधुनिक तकनीक मशीन द्वारा पूरे शरीर के जांच किए गए, कीवा न्यूट्रिशन हैल्थ काउंसलर जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने गांव के कई लोगो का हेल्थ चेकअप कर स्वस्थ रहने की सलाह दी,

आयुर्वेद तुलसी ड्रॉप की जानकारी देते हुए बताया की तुलसी ड्रॉप का सेवन सुबह शाम हल्का गुनगुना गर्म पानी के साथ करने से हार्ड लीवर मोटापा आंख की रोशनी सर्दी जुकाम बुखार और एसिडिटी जैसे समस्या से हम बच सकते है और स्वस्थ रह सकते है और साथ ही जोड़ों के दर्द और एसिडिटी जैसे समस्या से छुटकारा पाने के लिए फूट स्पा एक्यूप्रेशर मैग्नेटिक मसाज प्रोडक्ट की जानकारी दी गई, जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया की फुट एक्यूप्रेशर मसाज द्वारा डेली 10 मिनट इस्तेमाल करने से पुराने से पुराने जोड़ो के दर्द से छुटकारा मिल सकता है, इस मौके पर चित्रा माझी अनोमुखी सोरेन मीरु मुर्मू ने भी स्वस्थ जॉच करा और भी लोगो को इस निशुल्क स्वस्थ जॉच की जानकारी दी।

सूचना दें हिंसा रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई होगी : कोवाली पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

पूर्वी सिंहभूम, जादूगोड़ा /पोटका। सामाजिक संस्था (युवा) यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन की ओर से संचालित कार्यक्रम वीमेन गेनिंग ग्राउंड के तहत पोटका प्रखंड के पोड़ाडीहा पंचायत के गांव चांपी में थाना के साथ इंटरफेस मीटिंग महिलाओं, लड़कियों और दिव्यांग के बीच की गई. इस दौरान पंचायत की मुखिया दुखनी सरदार, पंचायत समिति सदस्य सोनामुनी सरदार भी उपस्थित थी.

यौनिक जेंडर की समस्याएं आई सामने: सेल्फ की लीडर अनिषा सरदार ने सदस्यों का परिचय करवाया. युवा की प्रॉजेक्ट कॉर्डिनेटर अंजना देवगम ने कोवाली थाना से आये नए एएसआई मोबिन अंसारी, सोमनाथ बालमुची, डीएम सरदार को कार्यक्रम की जानकारी दी. बैठक का एजेंडा यौनिक जेंडर आधारित हिंसा एवं असमानता की

वजह से महिलाओं, लड़कियों के साथ होने वाली हिंसा व सामाजिक सुरक्षा की मजबूती. महिलाओं एवं लड़कियों ने अपनी समस्याओं को लेकर पैरवी की. जैसे क्षेत्र में शराब बंदी, बाल विवाह को रोकने में जल्द करवाई करना और प्रत्येक दिन विशेष कर हर शनिवार को सुनसान रास्तों पर पेट्रोलिंग करना क्योंकि इस बाजार के दिन कई लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़खाना होती है.

एएसआई ने क्या कहा: एएसआई मोबिन अंसारी ने कहा कि हम समाज की सुरक्षा के लिए ही आप के बीच हैं. कोई भी समस्या होने पर आप फोन करके भी सूचना देंगे तो हम मदद के लिए जरुर आयेंगे. आज जो भी समस्याएं आपने रखी है उसे लेकर सक्रिय रूप से क्षेत्र में काम करना शुरू कर देंगे. इस तरह का इंटरफेस मीटिंग आगे भी होना चाहिए. ऐसे में हमें भी समुदाय की समस्याओं के बारे में पता चलता है. श्री बालमुचु ने कहा कि अगर डायन कुप्रथा को लेकर भी किसी विधवा महिला, बुजुर्ग महिला के साथ किसी तरह की हिंसा होती है तो ऐसी स्थिति में भी पुलिस को सूचना देकर उनके साथ हो रहे भेदभाव को रोकने में हमे सहयोग कर सकते हैं.

समाज में बदलाव के लिए महिलाएं आगे आएं: समाज में बदलाव लाने में महिलाओं की भागीदारी बहुत अहम है. इस साल लोकसभा चुनाव में महिलाएं अपनी भागीदारी देकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें. धन्यवाद ज्ञापन जसंती सरदार ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में लीडर सोनिया सरदार, प्रियंका सरदार एवं युवा के सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

संक्षिप्त खबरें ।

भीड़ और उत्साह प्रदीप कुमार सिंह के जीत की दे रही है गवाही : मनोज सिंह

लोक तंत्र की आवाज़
अररिया। अररिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन में काफी जनसमर्थन देखने को मिला ।भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सभा में हजारों लोग उपस्थित रहे। संकल्प सभा के समापन अभिभाषण के दौरान, पूर्व मुखिया सह जिले के कद्दावर भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह सौरगांव ने प्रदीप कुमार सिंह के जीत के लिए भीड़ और उत्साह की गवाही दी। वहीं, जिला परिषद प्रतिनिधि सह युवा नेता अजीत झा ने छठ गीत पर आधारित गीत गाकर लोगों को काफ़ी गुदगुदाया।प्रदीप कुमार सिंह को समर्थन देते हुए उन्होंने पिछली बार से अधिक मतों के अंतरों से जीत दिलाने का अपील करते हुए कहा कि ₹प्रदीप सिंह कै देवय सब कोय आशीर्वाद, कमल पर देवय निशान।

जेएमएम महिला संगठन की बैठक में सर्व समिति से डेनिस किस्कू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया

लोकतंत्र की आवाज
तालझारी। पंचायत के अंतर्गत तालझारी बाड़ी बूटे मे ,जेएमएम महिला संगठन आयोजित किया गया जिसमें से अध्यक्ष के रूप में श्रीमती डेनिस मुर्म (बड़ा मजडीहा) सचिव श्रीमती करमेला मुर्मू (पतरापारा) को चुना गया, आज की इस बैठक में उपस्थित जिला सचिव श्री सुरेश टुडू पंचायत अध्यक्ष श्री अर्नेस्ट सोरेन सचिव श्री सुशील हंसदा पंचायत मुखिया श्री लखीराम टुडू पूर्व मुखिया श्री सुनील टुडू जेएमएम पूर्व अध्यक्ष सुधीन किस्कू और सामिल हुऐ सभी जेएमएम कार्यकर्ता कुर्बान अंसारी सुरेश बेसरा लॉबोय सोरेन थॉमस सोरेन बेटका सोरेन राजेश टुडू सोपन गोराई मौजूद रहे

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सभा में नहीं दिखे पूर्व भाजपा उम्मीदवार रंजीत यादव

लोक तंत्र की आवाज़
अररिया। यादव बिरादरी से आने वाले जोकीहाट विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ चुके युवा दिलों के धड़कन कद्दावर भाजपा नेता रंजीत यादव भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सभा में नहीं दिखे पूर्व भाजपा उम्मीदवार रंजीत यादव एन डी ए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सभा में नहीं दिखे। जिससे युवा व रंजीत समर्थकों में भारी नाराजगी दिखी। लोगों के बीच मंच पर रंजीत यादव के नहीं रहने से अररिया बीजेपी में अंदरूनी कलह रहने की चर्चा सुनी गई। नाम न छापने की शर्त पर कई लोगों ने बताया कि लोकसभा में यादव मतदाताओं की संख्या दूसरे स्थान पर है। रंजीत यादव 09अररिया संसदीय सीट से भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार थे। पार्टी उन्हें टिकट नहीं दी। किंतु रंजीत यादव भाजपा परिवार के मजबूत स्तंभ तो हैं। पार्टी के मजबूत सिपाही को दरकिनार करना जिला नेतृत्व को नहीं करना चाहिए। उन्हें सम्मान पूर्वक नामांकन सभा में बुलाना चाहिए। अररिया में यादव मतदाता हार और जीत तय करती है। अपने नेता को मंच पर नहीं दिखने से मर्माहत हूं। इधर रंजीत यादव से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताया।

मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के बलीगांव में बच्चों के बीच झगड़ा को लेकर मारपीट की घटना हुई।जिसमें सनी कुमार घायल हो गया जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। घायल के चाचा प्रदीप चौहान के बयान पर गांव के ही अंश कुमार, अमन कुमार , अजय चौधरी , अशोक चौधरी एवं संजय चौधरी को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया है कि बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। इसी बात को लेकर उक्त आरोपी रात में घर में पथराव किया।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी अजय चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

फारबिसगंज में निकाली गई भव्य श्रीराम शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज

मुन्ना ठाकुर
फारबिसगंज (अररिया)। श्रीराम नवमी शोभायात्रा मंगलवार को राजेंद्र चौक हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में श्री राम के जय घोष के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के संयोजक बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा धर्मशाला चौक (राजेन्द्र चौक) से गाजे बाजे के साथ निकली गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में युवाओं के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाओ ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई। क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ो के लोग भी शोभायात्रा में शामिल हुए। जबकी श्रीराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप देव् शोभायात्रा में अपने श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओ के साथ चल रहे थे।

शोभायात्रा में श्रीराम सेना के कार्यकताओ ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा में कई आकर्षक झाकियां भी निकाली गईं, झांकी में श्रीराम की भव्य तस्वीर के साथ शिव शम्भू की झांकियों, नरमुंडों की माला पहने अघोड़ोयो की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा, साथ ही ब्रह्मा, विष्णु सहित अन्य देव् और दानवों की झांकी थी। शोभायात्रा में संथाली नृत्य और डुगडुगी के घोड़ सवारी की टीम भी शामिल थी ।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु रस्सी के सहारे श्री राम के रथ को खींच रहे थे। डीजे की धुन और जय श्रीराम की नारो पर शोभायात्रा में शामिल भगवाधारी युवक मराठी भेष में शामिल महिलाएं झूम रही थी। रथ नगर परिक्रमा के उपरांत धर्मशाला चौक पहुंच कर समापन हो गया। विधिव्यस्था को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुमंडल प्रशासन ने जगह जगह पर दण्डाधिकारी के साथ ही पुलिस बल की तैनाती कर रखी थी। जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्वयं अनुण्डल पदाधिकारी शैलजा पांडे, डीएसपी मुकेश साहा, डीसीएलआर अंकिता सिंह, नप ईओ संदीप कुमार, थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष अपने अपने पुलिसकर्मियों साथ शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा में स्वस्थ विभाग के कर्मी एम्बुलेंस और अग्निशमन विभाग की वाहन भी साथ साथ चल रही थी। इस मौके पर रथ यात्रा में विधायक विधासगर केशरी, नप मुख्य पार्षद वीणा देवी, मनोज जायसवाल, सचिदानंद मेहता,संजय शर्मा, सुरेश पासवान, रामकुमार भगत,बुलबुल यादव, विहिप के मोहन दास उर्फ मथुरा जी

शोभायात्रा के कोषाध्यक्ष रजत रंजन उर्फ राजू साह, नन्दं ठाकुर, सोनू पासवान, संजय तलूदार, बिट्टू कुमार, आयुष्मान, बादल बजरंगी सहित काफी संख्या लोग शामिल थे।वहीं शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह जगह मीठा जल से सामाजिक कार्यकर्ता सेवा प्रदान कर रहे थे।

पलामू के छतरपुर में आज दुर्गा वाहिनी के बहनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई : विहिप पलामू

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू
पलामू। पलामू जिला अंतर्गत छतरपुर प्रखंड मुख्यालय छतरपुर में विश्व हिंदू परिषद के महिला शाखा मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी के द्वारा महा अष्टमी के शुभ अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर एक भव्य शोभा यात्रा की आयोजन की गई। इस शोभा यात्रा में बजरंग दल के बजरंगी भी शामिल रहे।

शोभा यात्रा की शुरुआत ठाकुरवाड़ी मंदिर से हुई, और नगर के विभिन्न मंदिरों में भ्रमण के बाद पुनः वहीं आ कर समाप्त की गई,उसके पूर्व वहां एक संयुक्त बैठक की गई। राम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन भी आज कई जगहों पर की गई, शोभा यात्रा में जिला से भी प्रतिनिधि भी शामिल रहे,जिला प्रतिनिधि मंडल में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री पप्पू जी, नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, मातृ शक्ति संरक्षक उमा शुक्ल, बजरंग दल सह संयोजक सोनू सिंह, मोनू गुप्ता,और, छतरपुर से अध्यक्ष उपेंद्र यादव, टन वर्मा, अंकित दास, बिट्टू जॉन, सोनू गुप्ता, संतोष गुप्ता, अमित ठाकुर, योगी वघेल, सुदू विश्वकर्मी, निकिता, लवली, नीतू गुप्ता, पूनम, प्रियंका, रानी, प्रियांशु, कृतिका, आंचल, सहित संकड़ो कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, तीन बिगहा में लगे गेहूं का फसल जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के बलिगांव पंचायत के मंझार बिगहा के बधार में मंगलवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल लगे खेत में आग लग गई। लगभग तीन बिगहा कृष्णा यादव, अर्जुन यादव के खेत का फसल जलकर राख हो गयी।

स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गेहूं का फसल जल चुका था। दोनों किसानों को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। पिडित ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण दो बिजली के तार आपस में टकरा गयी।जिसके चिनगारी से खेत में लगे गेहूं के फसल में आग पकड़ लिया। आसपास के खेतों में किसान काम कर रहे थे।

फसल से धुंआ उठता देख किसानों ने शोर मचाया।मंझार बिगहा व खड़वां बिगहा गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटें काफी तेज थी। किसी तरह लोगों ने आग को बुझाया। किसानों ने आपदा राहत से मुआवजा की मांग की है।अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि कर्मचारी को भेजा जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद आपदा राशि प्रदान की जाएगी।

दो अभ्यर्थियों दाखिल किया किया नामांकन

लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा
अररिया। अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का तीसरे चरण में मतदान की तिथि 07 मई 2024 को निर्धारित है। जिसको लेकर अररिया जिला में निर्वाचन से संबंधी समस्त तैयारियां प्रगति पर है।

वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 12 अप्रैल 2024 से दिनांक 19 अप्रैल 2024 तक (अवकाश दिवस छोड़कर) नाम निर्देशन/नामांकन की तिथि निर्धारित है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.04.2024 को नामांकन हेतु निर्धारित स्थल निर्वाची पदाधिकारी, 09-अररिया संसदीय क्षेत्र -सह- जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान के कार्यालय वेश्म में 02 (दो) अभ्यर्थी क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से श्री प्रदीप कुमार सिंह, राष्ट्रीय समाज पार्टी से मो. शाहनवाज आलम ने



नामांकन दाखिल किया है। वहीं अब तक नामांकन शुल्क की निर्धारित जमानत राशि जमा कर कुल 20 नाम निर्देशन प्रपत्र अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किया गया है। ज्ञात्वय हो कि नामांकन शुल्क की निर्धारित जमानत राशि जमा कर नाम-निर्देशन प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, अररिया से प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है।

बरहरवा में उलगुलान न्याय महारैली को लेकर महागठबंधन की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

बैठक में पहुंचे राजमहल लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद
साहिबगंज पाकुड़ जिला से 1 लाख कार्यकर्ता जाएंगे रांची

बरहरवा। आदिवासीयो विरोधियों के खिलाफ, महंगाई के खिलाफ, महिला, युवा, किसान, मजदूर, विरोधियों के खिलाफ,इलेक्टोल बाँण्ड महालूट के खिलाफ, उलगुलान न्यायय महारैली प्रभात तारा मैदान राँची की तैयारी को लेकर साहेबगंज, पाकुड़, ल्र्ल महागठबंधन के राजनैतिक दलों के बीच मंत्री आलमगीर आलम इस्लामपुर स्थित आवास में एक आवश्यक बैठक की गई!

बैठक में अन्याय के खिलाफ न्याय का उलगुलाम को लेकर चर्चा की गई !बैठक में मंच संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कि मुख्य रूप महागठबंधन राजमहल लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार हंसदा, कांग्रेस महासचिव एवं पाकुड़ प्रभारी तनवीर आलम, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम, जिला अध्यक्ष पाकुड़ एवं साहिबगंज झामुमो कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागन प्रखंड अध्यक्ष सचिव एवं गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

झामुमों कोटे से जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के जनता की पहली पसंद डॉक्टर शिभेन्दु महतो

लोक तंत्र की आवाज़

जमशेदपु। संसदीय सीट जमशेदपुर पर झामुमो ने अभी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है. हालांकि, कई सीटों पर झामुमो प्रत्याशी का ऐलान हो जाने से उम्मीद बढ़ गई है कि एक-दो दिन के अंदर जमशेदपुर संसदीय सीट पर भी झामुमो का उम्मीदवार आ जाएगा.

झामुमो का शीर्ष नेतृत्व अभी भी पशोपेश में है कि उनका कौन सा जिताऊ उम्मीदवार मैदान में उतरे जो भाजपा के दो बार सांसद बन चुके विद्युत वरण महतो को मात दे सके. पार्टी इस बात को लेकर पशोपेश में है कि उसका जिताऊ उम्मीदवार संगठन का कद्दावर नेता हो या फिर किसी बाहरी दमदार उम्मीदवार पर दांव लगाया जाए. माना जा रहा है कि अगर पार्टी किसी बाहरी को उम्मीदवार बनाती है तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है. क्योंकि, पार्टी के पदाधिकारी पहले ही इस बात से नाराज़गी जता चुके हैं कि किसी बाहरी को टिकट न दिया जाए. पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि उम्मीदवार पार्टी के भीतर का ही होना चाहिए.भाजपा के एक दिग्गज नेता को झामुमो में ला कर उन्हें टिकट देने की कवायद चल रही थी. लेकिन, जिले के विधायकों और संगठन के लोगों ने इसका पुरजोर विरोध कर दिया और मामला खटाई में पड़ गया. हालांकि, ये दिग्गज नेता लगातार हाथ पैर मार रहे हैं कि उन्हें पार्टी का टिकट मिल जाए. सूत्रों की मानें तो इन्हीं सब कारणों के चलते जमशेदपुर संसदीय सीट पर अभी तक उम्मीदवारी का ऐलान नहीं हो पाया है. वैसे संगठन में कई लोगों की उम्मीदवारी पर चर्चा चल रही है. इसमें झामुमों के एक दमदार, कदावार, संघर्ष शील एवं आंदोलनकारी नेता डॉक्टर शिभेन्दु महतो का नाम प्रबल दावेदार के रूप में सामने आ रहा है. माना जा रहा है कि श्री महतो

उम्मीदवारी में अन्य दावेदारों पर भारी पड़ सकते हैं. सियासी जानकारों का मानना है कि शुभेन्दु महतो की पार्टी के कार्यकर्ताओं तक पहुंच उनके राजनीतिक कद को ऊंचा बनाती है . महीनाभर पहले लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने को दिल्ली में कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त बैठक हुई थी.

कहा जा रहा है कि इस बैठक में तय हुआ था की लोकसभा चुनाव में अगर सीटें निकालनी है तो जमशेदपुर से कोई महतो उम्मीदवार ही विद्युत महतो को हरा सकता है और इस सीट के लिए डॉक्टर शिभेन्दु महतो चुनाव जीत सकते हैं. इसी को ध्यान में रखकर चुनावी गहन मंथन के बाद सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी को मैदान में उतारा गया है. वह भाजपा की गीता कोड़ा का मुकाबला करेंगी. इसी तरह झामुमों पार्टी जमशेदपुर संसदीय सीट पर भी किसी दमदार एवं पार्टी के स्वच्छ छवि वाले समर्पित नेता को लड़ाना चाहती है. पार्टी सूत्रों की मानें तो जमशेदपुर संसदीय सीट से कोई नया चेहरा भी अचानक सामने आ सकता है जिसके बारे में अभी तक कहीं कोई चर्चा नहीं हुई हो.

महतो फैक्टर का है दबावः झामुमो महतो फैक्टर को लेकर भी दबाव में है. पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को मालूम है कि

20 अप्रैल तक हो सकती है प्रत्यासी के नाम की घोषणा

डॉ. शुभेन्द्र महतो झामुमों के पुराने एवं आंदोलनकारी नेता रहे हैं और निर्मल दा व गुरु जी के सानिध्य मे रहकर झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभायें हैं। इन्होने छात्र जीवन से ही झामुमों पार्टी से जुड़े रहे हैं और अभी वर्तमान में सरायकेला जिला के अध्यक्ष और 20सूत्री के उपाध्यक्ष भी हैं. इधर भाजपा खेमे में देखा जाय तो विद्युत महतो से उनके समाज के ही महतो समुदाय के लोग खासे नाराज चल रहे हैं. क्योंकि 10 साल तक सांसद रहकर विद्युत महतो विकास का कोई काम नही किया, सिर्फ घोषणा ही करते रहे . डॉ शु?भेन्द्र महतो के नाम की चर्चा होने से जहाँ महतो समुदाय में खुशी की लहर है वही बंगाली, बिहारी, उड़िया, मारबाड़ी समाज के लोगों में भी डॉक्टर शिभेन्दु की अच्छी पहचान है. साथ ही जबतक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नही आते हैं तबतक वे जूता चप्पल नही पहनने का संकल्प लिया है. वहीं डॉक्टर महतो ने भी कहा है कि पार्टी हमें जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन मै ईमानदारी पूर्वक निभाता रहूंगा. जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र से हर समुदाय के लोग विद्युत महतो के विकल्प के रूप में डॉक्टर शिभेन्दु को ही इंडिया गठबंधन से टिकट मिलने की क्यास लगा रहे हैं. अब देखना है कि झामुमों पार्टी किसे अपना उम्मीदवार बनाती है ,जो भाजपा के किला को भेद सके. वैसे विश्वस्त सूत्रों के अनुसार 20 अप्रैल तक हर हाल में प्रत्यासी की घोषणा कर देने की संभावना व्यक्त की जा रही है.

जमशेदपुर संसदीय सीट पर महतो वोट अकेले परिणाम बदलने की कूवत रखते हैं. इसीलिए, पार्टी लोहे से लोहा काटना चाहती है. यही वजह है कि अभी तक टिकट के दावेदारों के जो नाम आए हैं, उनमें ज्यादातर महतो बिरादरी के हैं. लेकिन सभी में अब तक जमशेदपुर सीट के लिए हर तरह से डॉ. शुभेन्द्र महतो ही फिट बैठ रहे हैं.

मानव जैसा कर्म करता है,वैसा फल मिलता है: सुरेश शास्त्री

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के खडवां गांव में आयोजित ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ में मंडप परिक्रमा ,प्रवचन सुनने , कृष्ण लीला, मेला देखने काफी संख्या में श्रद्धालू पहूंच रहे है।प्रवचन के दौरान पं सुरेश शास्त्री ने कहा कि तुलसीदास ने कहा है कि मानव जैसा कर्म करेगा ,वैसा फल मिलेगा।भक्ति में काफी शक्ति होती है। व्यक्ति नही समय बलवान होता है।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर पाण्डेय ने बताया कि याज्ञिक आचार्य लालभूषण मिश्र के आचार्यात्व में त्रिदण्डी स्वामी के शिष्य गोपालाचार्य उर्फ फलाहारी बाबा के तत्वावधान में ग्यारह दिवसीय यज्ञ 9 से 19 अप्रैल तक

है।चित्रकूट धाम के हनुमान गढी के पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ,सुरेश शास्त्री ,सैल मिश्रा का भक्तिमय गीतों एवं रास लीला का श्रद्धालूओ ने काफी आनंद ले रहे। यज्ञ में 24 घंटा का नौलेश कुमार उर्फ लड्डू,15 घंटा का सौरभ परदेशी, सहविन्द्र कुमार, अंजली, करण कुमार, हर्ष मिश्र, हर्षित, पुष्पाजली कुमारी, रूबी देवी, मंजूसा कुमारी, शिवानी ,कुंदन, अभय, मनीष, प्रभाकर पाण्डेय, कई श्रद्धालूओ ने 12 घंटा का मंडप परिक्रमा किया।यज्ञ को लेकर पूरा गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यज्ञ का प्रधान यजमान पपू सिंह, हरेंद्र सिंह, झुनू सिंह, सुधीर सिंह, संतोष सिंह ,सुरेंद्र सिंह, अमरकांत कुमार ,रेनू देवी है। इस अवसर पर महंथ कृष्णा दास, मौनी बाबा, ललन सिंह, रामराज्य सिंह, सत्यनारायण सिंह, केदार सिंह, अर्जून सिंह, जितेन्द्र सिंह, निखील कुमार, अनूज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गिरिजेश सिंह, अशोक सिंह, हार्दिक सिंह राजपूत, शशिशेखर मिश्र, बसंत सिंह, अजय सिंह, सुशील सिंह, बूलू सिंह, गणेश सिंह, पिन्टू सिंह, मुना सिंह, संजीव सागर व्यास, दिवाकर मिश्र, नीतीश, बलवीर, चंदन, आकाश, सुरज, विवेक, आकाश, सूरज, आयुष, राकेश ,कामना, वंदना, अदिती, मोहित, रोहित, मिठू, छोटू, रितेश अमित, बिट्टू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।